राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 | वर्षः 11 | अंकः 213 | पृष्ठ : 08, | नई दिल्ली, सोमवार, 14 फरवरी 2022 | मूल्यः 1.50/-

## रेडियो लोगों को जोड़ने का अद्भुत माध्यम : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस पर आकाशवाणी से जुड़े सभी कर्मियों और श्रोताओं को बधाई देते हुये कहा कि रेडियो लोगों को जोड़ने का एक अद्भुत माध्यम है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, ल्लसभी रेडियो श्रोताओं और इस उत्कृष्ट माध्यम को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता से समृद्ध करने वालों को विश्व रेडियो दिवस की बधाई। घर पर हो, यात्रा के दौरान और अन्यथा, रेडियो लोगों के जीवन का एक अभिन्न अंग बना रहता है। यह लोगों को जोड़ने का एक अद्भुत माध्यम है ल्क आगे उन्होंने कहा, ल्लमन की बात के कारण, मैं बार-बार देखता हूं कि रेडियो सकारात्मकता साझा करने के साथ-साथ उन लोगों को पहचानने का एक बड़ा माध्यम हो सकता है जो दूसरों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने में सबसे आगे हैं। मैं उन सभी लोगों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस कार्यक्रम में योगदान दिया।

## पीएम मोदी की आज कानपुर देहात में चुनावी रैली और अमित शाह का झांसी के बाद कानपुर में जनसंपर्क व सभा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोर्चा संभाल लिया है। उनके साथ ही भाजपा के चाणक्य माने जाने वाले अमित शाह भी उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण के चुनाव वाले क्षेत्रों को मथ रहे हैं। इन क्षेत्रों में 20 फरवरी को मतदान होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को कानपुर देहात के अकबरपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। अमित शाह इसी दौरान झांसी में तीन चुनावी सभा करने के बाद कानपुर में रात्रि प्रवास के दौरान जनसंपर्क तथा छोटी सभाएं करेंगे। उनका मंगलवार को भी कानपुर में प्रचार का कार्यक्रम है। पीएम नरेन्द्र मोदी कानपुर देहात के अकबरपुर-रनियां विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा से कानपुर के साथ ही साथ बुंदेलखंड क्षेत्र की 52 विधानसभाओं सीट पर प्रभाव डालेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को सुबह करीब 11 बजे चकेरी एयरपोर्ट उतरेंगे। यहां से कानपुर देहात में जनसभा को संबोधित करने जाएंगे चकेरी एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद हेलिकाप्टर से अकबरपुर जाएंगे। जहां पर दिन में 12 बजे से उनकी चुनावी रैली प्रस्तावित है। इसके बाद उनका दो बजे वापसी का कार्यक्रम है। वह एयरपोर्ट पर ही भाजपा के नेताओ के साथ बैठक करेंगे। उनके कानपुर आगमन की सूचना पर पुलिस-प्रशासनिक अफसरों की टीम ने एयरपोर्ट जाकर सुरक्षा व्यवस्था परखी है। केन्द्र सरकार में गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को झांसी में चुनावी सभाओं को संबोधित करने के बाद देर शाम कानपुर पहुंचेंगे। सोमवार को अमित शाह झांसी एयरपोर्ट पर विशेष विमान से आकर वहां से हेलिकाप्टर से देमेले ग्राउंड मऊरानीपुर जाएंगे।

### अखिलेश ने कासगंज, एटा, फिरोजाबाद को बताया घर का चुनाव, बोले भाजपा वाले आने से पहले सोचेंगे अब सोचेंगे की आए या नहीं

# भारतीय जनता पार्टी झूठी पार्टी : अखिलेश

संवाददाता



आगरा। फिरोजाबाद में अखिलेश यादव ने फिरोजाबाद, एटा, सिरसागंज को बताया घर का चुनाव। बोले छतों पर जिस तरह लोग दिख रहे हैं। उससे साफ दिख रहा है कि भाजपा का सफाया होने वाला है। भाजपा वाले अभी नहीं आए होंगे। अब सोचेंगे की आए या नहीं। भाजपा झूठी पार्टी है या नहीं। किसान से कहा था की आय दोगुनी कर देंगे, लेकिन फसल का पैसा तक नहीं दे पाई। खाद नहीं दे पाई और बोरी में से चोरी हो गई। कहते थे कि हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा करेंगे, लेकिन पेट्रोल इतना महंगा कर दिया कि गाड़ी नहीं चल पा रही हैं। बोले 11 लाख सरकारी नौकरियां खाली हैं। सपा सरकार बनेगी तो सभी पद भरे जायेंगे। कोरोना के कारण कई नौजवान ओवर एज हो गए उन्हें उम्र की छूट दी जाएगी। बीएड बीटीसी वालों को मौका मिलेगा।

एटा के सैनिक पड़ाव में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने चुनाव की घोषणा से पहले विजय रथ लेकर आने का जिक्र किया। बोले साइकिल वाले इस मैदान को हमेशा भर देते हैं, यह मैदान मेरा अच्छी तरह परिचित है। एटा की पूरी सीटें समाजवादी पार्टी के खाते में आने वाली हैं, दूसरी पार्टी के प्रत्याशियों की जमानतें भी नहीं बचेंगी। पहले चरण में जो वोट पड़ा है, पहले चरण में भारतीय जनता पार्टी का सफाया होने जा रहा है। ये तीसरे चरण का चुनाव है, वैसे तो चुनाव परिणाम 10 मार्च को आना है, लेकिन असली परिणाम तो अभी सामने आ गया। हाल ही में भाजपा के बड़े नेता कासगंज आए थे, बीजेपी के लोगों के भाषण आपने सुने होंगे। भाजपा वाले झूठ बोलते हैं, भाजपा के छोटे नेता छोटा झूठ बोलते हैं और बड़े नेता बड़ा झूठ। डबल इंजन की सरकार कहती है कि किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी, लेकिन किसानों को खाद मिली न पानी। किसानों को जो बोरी खाद की मिली उसमें पांच किलो चोरी हो गई। किसान भूखा मर रहा था, मगर बाबा लेपटाप बांट रहे थे। बाबा खुद कंप्यूटर नहीं चला पाते, बाबा का प्रिय काम गोसेवा और सांड़ पकड़ना है, लेकिन एक भी सांड नहीं पकड़ पाए। अखिलेश बोले कि भाजपा की भाषा बदल गई है। पंचायत चुनाव कैसे हुआ यह पूरे उत्तर प्रदेश ने देखा। सब जगह धांधली हुई, मगर यहां बच गया। भाजपाइयों ने चुनाव में माताओं, बहनों के कपड़े फाड़ दिए थे। ये लोग कानून व्यवस्था की बात कर रहे हैं, आपके बगल में हाथरस है, वहां की बेटी को ये न्याय नहीं दिला पाए। कासगंज में नौजवान की हिरासत में मौत हो गई। गोरखपुर में पुलिस के लोग व्यापारी से वसूली करने पहुंच गए और उसे इतना मारा कि जान चली गई। जो अपराधी फरार हैं वे भाजपा की सरकार में ही फरार हैं। महिलाओं के साथ उत्पीड़न और अन्याय होता है। मानवाधिकार आयोग को उत्पीड़न की तमाम शिकायतें पहुंच रहीं हैं। भाजपा की सरकार में आइपीएस फरार हो गए और फर्जी एनकाउंटर कराए। जनता सबसे ज्यादा अपमानित हो रही है। हम आपको भरोसा दिलाते हैं कि सपा की सरकार बनेगी तो कानून व्यवस्था ठीक करेंगे। अपराध की सूचना मिलने पर सबसे पहले पुलिस पहुंचेगी। 100 नंबर की गाड़ियां दुगनी कर दी जाएंगी। बाबा मुख्यमंत्री ने 100 को 112 कर दिया।

## आम जनता का पैसा लेकर विदेश भाग रहे हैं गुजरात के उद्योगपति : अखिलेश

हाथरस। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने श्री यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और घोटाला हो रहा है। अभी गुजरात के व्यापारी 28 बैंकों का 22 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा लेकर फरार हो गए। यह पैसा आम जनता, गरीबों, किसानों और मजदूरों का है। जनता अपना पैसा बैंक में रखती है, बड़े उद्योगपति उसको लेकर फरार हो जाते हैं। इससे पहले भी गुजरात के व्यापारी बैंकों का पैसा लेकर भाग गए थे। अखिलेश रविवार को हाथरस, कासगंज, एटा और फिरोजाबाद जिले में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर कोई भी अपराधी, गुंडा, माफिया बचकर नहीं निकल पाएगा। अपराधिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे। डायल 100 की गाड़ियों को और बढ़ाएंगे। भाजपा सरकार में हुई आपराधिक घटनाओं को प्रदेश की जनता कभी नहीं भूल सकती है। हाथरस की बेटी को परिवार की इच्छा के खिलाफ रात में जबरदस्ती जला दिया गया। पुलिस ने परिवार वालों को अंतिम संस्कार नहीं करने दिया। पंचायत के चुनाव के दौरान भाजपा ने पुलिस प्रशासन के बल पर वोट छीन लिया। बहनों के कपड़े तक छीन लिए गए। सबसे ज्यादा पुलिस हिरासत में मौतें उत्तर प्रदेश में हुई। सरकार के इशारे पर फर्जी एनकाउंटर हुए। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार बनने पर सभी शहीद किसानों की याद में किसान स्मारक बनाया जाएगा और उनके परिवारों की 25- 25 लाख रुपया देकर मदद की जाएगी। किसानों की सभी फसलों की खरीद एमएसपी पर की जाएगी। हम किसानों के लिए मंडियां बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महंगाई को बहुत बढ़ा दिया है। डीजल, पेट्रोल से लेकर गैस सिलेंडर और अन्य खाने पीने वाली चीजों तथा सरसों के तेल के दाम बहुत बढ़ गए।

## 10 मार्च के बाद गर्मी वालों को करना है सही : योगी

संवाददाता



औरैया। औरैया की बिधूना विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में जनता धन गुर्गे और चाचा खा जाते थे और उससे पहले हाथी खा जाता था, उसका इतना बड़ा पेट जो था। 2017 से 2022तक डबल इंजन की सरकार ने सब बदल दिया है और माफिया और गुंडागर्दी पर लगाम लगाई और विकास कराया। आचार्य संहिता लागू होने से पहले प्रदेश के सभी जेसीबी और बुलडोजर सही करवाने के लिए कहा था क्योंकि 10 मार्च के बाद 'गर्मी वालों' को सही करना है। फर्रूखाबाद में जनसभा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ औरैया की बिधूना विधासभा क्षेत्र में पहुंचे। यहां पर उन्होंने कहा कि 2007 से बसपा, 2012 से सपा और 2017 से 2022 तक डबल इंजन की सरकार देखी है। पूर्व की सरकारों में गुंडागर्दी होती थी, अराजकता फैलती थी और महीनों कर्फ्यू रहने से जनजीवन अस्त व्यस्त रहता था। लेकिन 2017 के बाद सब बदला.. और आगे भी बदलेगा। कुछ लोगों को विकास अच्छा नहीं लग रहा है, बहन-बेटियों की सुरक्षा अच्छी नहीं लगती है। पिछली सरकारें प्रदेश में शोषण व अराजकता रहती थी। 2017 के पहले की सरकार ने मकान दिए नहीं। डबल इंजन की सरकार ने 2 करोड़ 61 लाख इज्जतघर, 1 करोड़ 47 लाख बिजली कनेक्शन, एक लाख 56 हजार गैस कनेक्शन, 15 करोड़ लोगों को फ्री राशन उपलब्ध करा रहे हैं। इससे पहले सपा के गुर्गे व चाचा खा जाते थे और उससे पहले बसपा में बहनजी का हाथी खा जाता था, उसका इतना बड़ा पेट था। उन्होंने कहा कि हम किसी को छेड़ते नहीं है, यदि किसी ने बहन बेटी या दंगा-फसाद का काम या व्यापारी को छेड़ने का काम करेगा तो उनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई करेंगे कि कई पीढ़ियां दंगा करने के लिए सोचेंगी। आचार्य संहिता लागू होने से पहले प्रदेश की सभी जेसीबी व बुलडोजर सही करवाने के लिए कहा था क्योंकि 10 मार्च के बाद 'गर्मी वालों' को सही करना है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोरोना की महामारी फैली है। अमेरिका और रूस में बहुत मौतें हुई लेकिन भारत में प्रधानमंत्री ने रामबाण के रूप में फ्री वैक्सीन दी। मारने वाले से बड़ा बचाने वाला बड़ा होता है।

### अमित शाह का चन्नी पर हमला, कहा-

## जो पीएम को सुरक्षित मार्ग नहीं दे सका वह पंजाब को क्या सुरक्षा देगा

संवाददाता



लुधियाना/पटियाला। पंजाब के चुनावी समर में गृह मंत्री रविवार को उतर आए। किसान आंदोलन के बाद शाह पहली बार पंजाब आए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने नशामुक्त पंजाब का नारा दिया। शाह ने सिखों के दस गुरुओं को नमन करते हुए कहा कि मुगलों से लेकर आजादी तक भारत में हुए हमलों पर यदि किसी ने खून बहाया, वह पंजाब है। पंजाब हिंदुस्तान का जिगर है। पंजाब के बिना देश का सम्मान नहीं है। शाह ने पाकिस्तान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पीएम मोदी ने पीओके में सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मन को सबक सिखाया है। शाह ने कहा कि वह 2022 के चुनाव के लिए पहली बार पंजाब आए हैं। उन्होंने वादा किया कि अगर सत्ता में आए तो मंतातरण करने वालों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने सीएम चन्नी को निशाने पर लिया। शाह का कहना है कि जो मुख्यमंत्री अपने प्रधानमंत्री की सुरक्षा नहीं कर सकता वह लोगों की सुरक्षा कैसे करेगा। शाह ने कहा कि भाजपा को जिताओ लुधियाना की साइकिल विदेशों में पहुंचा देंगे। पंजाब देश का सीमांत राज्य है। सुरक्षा, नशा और किसान पर बात करूंगा। चन्नी के नेतृव में पंजाब सुरक्षित रख सकते हैं क्या। केजरीवाल आतंकवादियों को छोड़ देंगे। भाजपा ही देश को सुरक्षित रख सकती है। पहले पाकिस्तान से आतंकवादी आते थे हमारे सैनिकों को मारकर चले जाते थे। हमारी सरकार आई तो हमने जवाब दिया। हमने ओआरओपी दिया। सुरक्षा बजट 3 गुना बढ़ा दिया। भाजपा की सरकार बनाइए हमेशा के लिए आतंकवाद खत्म कर देंगे। ड्रग के खिलाफ पीएम मोदी ने अभियान चलाया है। यहां ऐसी सरकार चाहिए जो मोदी के साथ मिलकर चलेगी। 5 साल में पंजाब को नशा मुक्त कर कर देंगे। किसान अपनी जमीन का परीक्षण करवाएं जो जमीन पेट भरती थी वह जहरीली हो गई है। 5 साल में किसानों की आय को बढ़ाएंगे। मोदी ने गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर 300 जगह कार्यक्रम करवाने के साथ करतारपुर कारिडोर को खुलवाया। वहीं पटियाला में अमित शाह रैली करने पहुंचे हैं। इस दौरान सुखदेव सिंह ढींडसा ने प्रधानमंत्री का जहां किसानों की मांगें मानने के लिए धन्यवाद किया वहीं उनकी दूसरी मांगों को भी मानने की अपील की। इस दौरान शाह ने कहा कि महिला एवं इंजीनियरिंग कॉलेज पंजाब में नए खोले जाएंगे। पंजाब के युवकों के लिए सरकारी नौकरी में 75% आरक्षण दिया जाएगा।

## दूसरे चरण में 23,404 पोलिंग बूथ पर वोट डालेंगे दो करोड़ दो लाख मतदाता

संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में सोमवार को होने वाले दूसरे चरण के मतदान में नौ जिलों के 55 विधानसभा क्षेत्र में दो करोड़ दो लाख से अधिक मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान प्रातः सात बजे से सांय छह बजे तक चलेगा। उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए दूसरे चरण के मतदान में बदायूं, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, अमरोहा, बरेली तथा शाहजहांपुर में पोलिंग होगी। द्वितीय चरण के मतदान में 2.02 करोड़ मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें एक करोड़ आठ लाख पुरूष, 94 लाख महिला तथा 1269 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। इस चरण के कुल 55 विधान सभा क्षेत्रों में 586 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें से 69 महिला प्रत्याशी हैं। दूसरे चरण के मतदान के लिए कुल 23,404 मतदेय स्थल तथा 12,544 मतदान केन्द्र हैं। द्वितीय चरण में कुल 252 आदर्श मतदान केन्द्र तथा 127 समस्त महिला कर्मी मतदेय स्थल बनाये गये हैं। चुनाव में सभी 23,404 मतदेय केन्द्र पर मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम एवं वीवीपैट तथा अलग-अलग जनपदों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम एवं वीवीपैट की व्यवस्था की गई है एवं सभी जनपदों में तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर्मियों की व्यवस्था की गई है, जिससे कि ईवीएम अथवा वीवीपैट में किसी समस्या के स्थिति में तत्काल उसका निराकरण कराया जा सके। कोविड-19 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग ने एक मतदेय स्थल पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,250 तक रखने के निर्देश हैं। जिसके कारण मतदान केन्द्र की संख्या बढ़ी है। सभी मतदेय स्थलों पर रैम्प, शौचालय तथा पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये गये हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए व्यापक इंतजाम एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। कोविड-19 के कारण सभी मतदेय स्थलों पर थर्मल स्कैनर, हैण्ड सैनीटाइजर, ग्लव्स, फ़ेस मास्क, फ़ेस शील्ड, पीपीई किट, साबुन, पानी आदि की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की गई है। मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर गाइड का भी वितरण किया गया है। वोटर गाइड में कोविड-19 से सम्बन्धित डूज एण्ड डोण्ट्स का भी उल्लेख किया गया है। अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती सुनिश्चितः दूसरे चरण के चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती सुनिश्चित की गई है एवं ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। हर केन्द्र के मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग ने 51 सामान्य प्रेक्षक, नौ पुलिस प्रेक्षक तथा 17 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इन सभी के साथ 1,793 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 220 जोनल मजिस्ट्रेट, 109 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 2,806 माइक्रो आब्जर्वर भी तैनात हैं। राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, एक वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक तथा दो वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक भी तैनात हैं। जो क्षेत्र में रहकर सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करेंगे। मतदान पर पर्यवेक्षण के लिए हर जनपद के 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया जाएगा। आवश्यकतानुसार वीडियो कैमरे की व्यवस्था भी की गई है। मतदाता पहचान पत्र के साथ 12 अन्य पहचान पत्र मान्यः भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य पहचान पत्र (यथा- आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंक/डाकघरों के जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों के अपने कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र और सांसदों/ विधायकों/विधानपरिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनीक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (भारत सरकार) मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की पहचान के लिए मान्य होंगे।

## दोनों सीट से हार रहे हैं चन्नीः केजरीवाल

अमृतसर/ एजेंसी ।



अमृतसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान।

> केजरीवाल के साथ मौजूद पार्टी के सीएम फेस भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में चुनाव नजदीक है, सभी पार्टियां प्रचार कर रहीं हैं। लेकिन कांग्रेस सर्कस बन गई है, आपस में लड़ाइयां हो रहीं हैं।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल ने रविवार को अमृतसर में कहा कि रेत खनन के आरोपों पर सीएम चन्नी ने खुद ही जांच करवाकर चार दिन में क्लीन चिट ले ली। इससे जनता संतुष्ट नहीं है। अगर पजाब में आप की सरकार बनी तो भगवंत मान इसकी जांच करवाकर दूध का दूध और पानी का पानी करेंगे। बता दें कि केजरीवाल विधानसभा हलका उत्तरी और केंद्रीय में रोड शो कर रहे हैं। उत्तरी हलके में रोड के दौरान उनके साथ अमृतसर उत्तरी सीट से पार्टी प्रत्याशी आईपीएस कुंवर विजय प्रताप सिंह और भगवंत मान भी मौजूद रहे।

इससे पहले, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल देर शाम अमृतसर पहुंचे। शनिवार को श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद उन्होंने पंजाब के लोगों से वोट की अपील की। उन्होंने कहाकि वह चुनावों तक पंजाब में ही रहेंगे। उन्होंने कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू की ओर से पीएम नरेन्द्र मोदी को हवाई जहाज से आने के दिए गए बयान पर उन्होंने कहा कि पंजाब एक बार्डर स्टेट है। बार्डर स्टेट काफी नाजुक होता है। इसमें प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। अगर राजनीति होती है तो वह अच्छी बात नहीं है।

केजरीवाल ने कहा कि सभी सर्वे दिखा रहे हैं कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनना लगभग तय है। लेकिन सर्वे में कोई 60 तो कोई 62 सीट दिखा रहा है। उन्होंने आप वर्करों से अपील की है कि खूब मेहनत करें और अधिक उत्साह दिखाएं। आप को 80 से ज्यादा सीटें लानी हैं, ताकि सरकार स्थिर रहे। मतदाताओं से भी अपील है कि कोशिश करके हर पंजाबी पंजाब में ईमानदार सरकार बनाने में मदद करे। उन्होंने कहा कि वह अब मतदान के आखिरी दिन तक पंजाब में रहेंगे।

# कनाडा-अमेरिका सीमा पर प्रदर्शन अब भी जारी

विंडसर (कनाडा)।

कोविड-19 रोधी टीके संबंधी आदेशों और अन्य पाबंदियों का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका को कनाडा से जोड़ने वाले एक प्रमुख सीमा पुल से शनिवार को अपने वाहनों को हटा लिया। हालांकि, पुल तक पहुंच अब भी अवरुद्ध है जबकि राजधानी समेत कनाडा के कई शहरों में प्रदर्शन तेज हो गए हैं।

पुलिस ने बताया कि वह अवैध कब्जे को हटाने के लिए और अधिकारियों के पहुंचने का इंतजार कर रही है।

डेट्रॉइट और विंडसर को जोड़ने वाले 'एम्बेसडर ब्रिज' पर गतिरोध तब थोड़ा कम हुआ जब कनाडा पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को अपने ट्रक हटाने के लिए राजी कर लिया। उन्होंने इस व्यस्त अंतरराष्ट्रीय क्रॉसिंग के प्रवेश को अवरुद्ध करने के लिए ट्रकों का इस्तेमाल किया था।

हालांकि, प्रदर्शनकारी नजदीकी स्थान पर फिर से एकत्रित हो गए और उन्होंने शनिवार देर रात तक कनाडा की ओर का रास्ता अवरुद्ध कर दिया।

ओटावा में पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़कर 4,000 तक हो गई है।



## गंभीर आरोपों से घिरे नेपाल के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव

काठमांडू। नेपाल के मुख्य न्यायाधीश चोलेंद्र शमशेर जेबी राणा गंभीर आरोपों से घिर गए हैं। लगातार आरोपों के बाद उनके खिलाफ नेपाल की संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया है।

मुख्य न्यायाधीश चोलेंद्र शमशेर जेबी राणा की छवि को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। नेपाल बार एसोसिएशन और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने तो यहां कह दिया है कि वे मुख्य न्यायाधीश राणा को देश का प्रधान न्यायाधीश ही नहीं मानते हैं। कई गंभीर आरोप लगने के कारण नेपाल बार एसोसिएशन लगातार मुख्य न्यायाधीश राणा के इस्तीफे की मांग कर रही है। उन पर उच्चतम न्यायालय में न्यायिक माहौल बनाएं रखने में विफल रहने के साथ-साथ आचार संहिता का उल्लंघन करने और जरूरी नैतिक आधार न अपनाने जैसे गंभीर आरोप लग चुके हैं।

नेपाल की संसद के अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार ने बताया कि सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी और माओवादी सेंटर के सांसदों ने मुख्य न्यायाधीश जेबी राणा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव दर्ज कर दिया है। नेपाली संसद के एक विधायक ने बताया कि सत्तारूढ़ पार्टी के साथ गठबंधन सहयोगियों के सांसद न्यायाधीश राणा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर एक साथ सामने आए।

इस प्रस्ताव पर करीब 100 सांसदों ने मिलकर हस्ताक्षर किए हैं। कानून मंत्री दिलेंद्र प्रसाद बडू के नेतृत्व में सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्य मुख्य न्यायाधीश राणा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लेकर संसद सचिवालय पहुंचे। मुख्य न्यायाधीश शमशेर राणा के खिलाफ लंबे अरसे से महाभियोग प्रस्ताव दर्ज करने की मांग उठाई जा रही थी। उन पर आचार संहिता के उल्लंघन के भी आरोप लगाए गए हैं।

## अमेरिकी नागरिकों को यूक्रेन छोड़ने में पोलैंड करेगा मदद

वाशिंगटन। पोलैंड ने अमेरिकी नागरिकों को यूक्रेन छोड़ने में मदद करने के लिए सहमती जतायी है। जिसकी जानकारी यूक्रेन में अमेरिकी दूतावास ने दी है। अमेरिकी दूतावास ने शनिवार को एक बयान में कहा, पोलैंड ने अमेरिकी सरकार को संकेत दिया है कि अमेरिकी नागरिक अब यूक्रेन के साथ भूमि सीमा के माध्यम से पोलैंड में प्रवेश कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी नागरिकों को सीमा पर वैध अमेरिकी पासपोर्ट और कोविड -19 टीकाकरण का प्रमाण दिखाना होगा। दूतावास ने कहा,÷यूक्रेन में अमेरिकी नागरिकों को पता होना चाहिए कि अमेरिकी सरकार यूक्रेन में कहीं भी रूसी सैन्य कार्रवाई की स्थिति में अमेरिकी नागरिकों को निकालने में सक्षम नहीं होगी, उन्होंने यूक्रेन में अमेरिकी नागरिकों से उपलब्ध परिवहन विकल्प के माध्यम से वाणिज्यिक या अन्य निजी तौर पर तुरंत प्रस्थान करने का आग्रह किया है। इससे पहले शनिवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि सुरक्षा चिंताओं के बीच अमेरिका अपने कुछ राजनयिक कर्मियों को यूक्रेन की राजधानी कीव से ल्वीव शहर में स्थानांतरित कर रहा है।

## मोरक्को में साल 2021 में बेरोजगारी दर 12.3 प्रतिशत तक बढ़ी

रबात। मोरक्को की बेरोजगारी दर 2021 में बढ़कर 12.3 फीसदी हो गई, जो पिछले साल 11.9 फीसदी रिकॉर्ड की गई थी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने योजना उच्चायोग के हवाले से कहा कि शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर साल दर साल बढ़कर 16.9 फीसदी हो गई, जबकि ग्रामीण इलाकों में यह दर 2021 में घटकर 5 फीसदी हो गई। आंकड़ों के अनुसार, मोरक्को में बेरोजगारी दर अभी 2019 में 9.2 प्रतिशत और 2018 में 9.5 प्रतिशत के महामारी-पूर्व स्तर से ज्यादा है। मोरक्को का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2020 में कोरोना महामारी के बीच 7 प्रतिशत घट गया और 2021 में 6.3 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।

## अफगानिस्तान के पूर्व मंत्री स्वदेश लौटे

काबुल। अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने शनिवार को कहा कि पूर्व सरकार के शांति राज्य मंत्री अब्दुल सलाम रहीमी अफगानिस्तान लौट आए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सरकार के हवाले से कहा कि कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी ने कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शनिवार को विदेश मंत्रालय में रहीमी का स्वागत किया। तालिबान द्वारा कब्जे के बाद कई अफगान सुरक्षा बलों और सिविल सेवकों ने अफगानिस्तान छोड़ दिया था। बयान के अनुसार, यह सुनिश्चित करने के प्रयास चल रहे है, कि देश छोड़ने वाले सभी अफगान देश में लौट आएं।

## इजरायल ने नागरिकों से यूक्रेन छोड़ने का आग्रह किया

यरुशलम। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन के लिए यात्रा चेतावनी जारी की है, जिसमें इजरायल के नागरिकों से जल्द से जल्द देश छोड़ने का आग्रह किया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने यूक्रेन में इजरायलियों को स्थिति का आकलन करने और निकासी की तैयारी के लिए कांसुलर डिवीजन के साथ पंजीकरण करने के लिए कहा है। इजरायल की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजरायल के रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज ने इजरायली सेना को इस तरह के ऑपरेशन में सहायता करने के लिए तैयार रहने का आदेश दिया। इजरायल ने पहले ही कीव में अपने दूतावास से राजनयिकों और इजरायली कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को निकालना शुरू कर दिया है। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, दूतावास देश में शेष राजनयिक कर्मचारियों की अपनी पूरी टीम के साथ काम करना जारी रखेगा।

## मोरक्को ने नागरिकों से यूक्रेन छोड़ने का आग्रह किया

रबात। रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के बीच मोरक्को ने अपने नागरिकों से यूक्रेन छोड़ने का आग्रह किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने अपनी वेबसाइट पर मोरक्को के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि मौजूदा स्थिति और अपनी सुरक्षा के लिए यूक्रेन में मोरक्को के नागरिकों को उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों के माध्यम से जाने के लिए कहा जा रहा है। इसमें कहा गया कि यूक्रेन जाने के इच्छुक मोरक्को के लोगों को फिलहाल अपनी यात्रा में देरी करने को कहा गया है।

## सूडानी सेना लोकतांत्रिक परिवर्तन पर बातचीत के लिए तैयार

खार्तूम। सूडान की संक्रमणकालीन संप्रभु परिषद के अध्यक्ष अब्देल फतह अल-बुरहान ने जोर देकर कहा कि सेना लोकतांत्रिक संक्रमण को प्राप्त करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय संवाद के लिए तैयार है। सूडान टीवी द्वारा प्रसारित एक साक्षात्कार में अल-बुरहान ने कहा कि अगर आम सहमति बनती है तो सेना एक संक्रमणकालीन अवधि के बारे में बातचीत करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि न तो मैं और न ही सैन्य प्रतिष्ठान सूडान पर शासन करना चाहता है। चुनाव होने या देश में राष्ट्रीय सहमति बनने की स्थिति में सेना राजनीतिक क्षेत्र छोड़ देगी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने एक संवाद का आह्वान किया जिसमें राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी को छोड़कर सभी ताकतों को शामिल होगी। इस बीच, अल-बुरहान ने सूडान में संयुक्त राष्ट्र एकीकृत संक्रमणकालीन सहायता मिशन के प्रमुख वोल्कर पर्थ के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र की सहायता से परामर्श की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वोल्कर सभी पक्षों को बातचीत के लिए लाने के लिए मध्यस्थ हैं, लेकिन उन्हें पहल का प्रस्ताव देने का कोई अधिकार नहीं है। वह एक विशिष्ट समूह के साथ बैठते हैं और उनके विचारों से प्रभावित होते हैं। अल-बुरहान ने सूडान में लोकतांत्रिक संक्रमण को कम करने के बहाने उस पर या सैन्य प्रतिष्ठान पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने की संभावना को और कम कर दिया है।

## नेपाल के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव,दीपक कार्की कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

काठमांडू। नेपाल के मुख्य न्यायाधीश चोलेंद्र शमशेर राणा के खिलाफ रविवार को संसद सचिवालय में महाभियोग प्रस्ताव दर्ज कराया गया। नेपाल की सत्तारुढ़ पार्टी के करीब 98 सांसदों ने महाभियोग प्रस्ताव दर्ज कराया है। नेपाल के कानून मंत्री दिलेंद्र प्रसाद बाडु सांसदों की अगुवाई कर रहे थे। मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव दर्ज होते ही उन्हें निलंबित कर दिया गया और नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। संसद सचिवालय के सचिव गोपाल नाथ योगी ने कहा कि नेपाल की गठबंधन सरकार के सांसदों ने मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव दर्ज कराया है। नेपाल के संविधान के मुताबिक संसद के एक चौथाई सदस्य महाभियोग प्रस्ताव दर्ज करा सकते हैं लेकिन इसे पारित होने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव दर्ज कराने वाली गठबंधन सरकार के पास कुल 133 वोट हैं लेकिन इसे पारित होने के लिए 271 सीट वाली संसद में 181 वोट की जरूरत है। महाभियोग प्रस्ताव दर्ज कराते ही मुख्य न्यायाधीश को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ गत साल अक्टूबर से ही विरोध प्रदर्शन हो रहा था। उनके साथ खंडपीठ में शामिल होने वाले न्यायाधीश एक दिसंबर से सुनवाई में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन वकीलों का प्रदर्शन जारी है।

## कोरोना के वैश्विक मामले बढ़कर 41 करोड़ हुए

वाशिंगटन। कोरोना के वैश्विक मामले बढ़कर 40.80 करोड़ हो गए हैं। इस महामारी से जान गंवानों वालों की संख्या बढ़कर 58 लाख हो गई है। महामारी से बचाव के लिए टीके की कुल 10.18 अरब खुराकें दी गई हैं। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी ने यह जानकारी दी। रविवार की सुबह अपने नवीनतम अपडेट में, यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने बताया कि वर्तमान वैश्विक मामले और मरने वालों की संख्या क्रमशः 410,024,095 और 5,809,171 है, जबकि दिए गए कुल टीकों की संख्या बढ़कर 10,189,927,521 हो गई है। सीएसएसई के अनुसार, 77,702,689 मामलों और 919,171 मौतों के साथ अमेरिका सबसे ज्यादा प्रभावित देश बना हुआ है। मामलों के मामले में दूसरा सबसे प्रभावित देश भारत (42,586,544 संक्रमण और 507,981 मौतें) है, इसके बाद ब्राजील (27,434,286 संक्रमण और 638,346 मौतें) हैं। 50 लाख से अधिक मामलों वाले अन्य देश फ्रांस (21,765,182), यूके (18,346,553), रूस (13,526,183), तुर्की (12,748,341), जर्मनी (12,127,767), इटली (11,991,109), स्पेन (10,604,200), अर्जेंटीना (8,716,940) (6,761,855), कोलंबिया (6,007,991), नीदरलैंड (5,524,764), पोलैंड (5,328,492) और मैक्सिको (5,226,269) हैं। रूस (332,010), मैक्सिको (311,554), पेरू (207,737), यूके (159,909), इटली (150,555), इंडोनेशिया (144,958), कोलंबिया (136,764), फ्रांस (135,695) , ईरान (133,437), अर्जेंटीना (123,859)), जर्मनी (119,729), यूक्रेन (109,206) और पोलैंड (107,757) ऐसे देश हैं, जहां इस महामारी से 1 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है।

## लावरोव, ब्लिंकेन ने यूक्रेन और सुरक्षा गारंटी की फोन पर चर्चा की

मास्को। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शनिवार को यूक्रेन की स्थिति और रूस और पश्चिम के बीच सुरक्षा गारंटी पर चर्चा करने के लिए फोन पर बातचीत की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने रूसी विदेश मंत्रालय के एक बयान का हवाला देते हुए बताया, लावरोव ने जोर देकर कहा कि यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रामकता के बारे में अमेरिका और उसके सहयोगियों के अभियान का लक्ष्य उत्तेजक है। ये कीव में भी अधिकारियों को मिन्स्क समझौतों को खत्म करने के लिए प्रोत्साहित करता है। नाटो के साथ मास्को के मसौदा समझौते और सुरक्षा गारंटी पर अमेरिका के साथ संधि के लिए लावरोव ने बताया कि वाशिंगटन और ब्रुसेल्स की प्रतिक्रिया मुख्य रूप से गठबंधन के गैर-विस्तार पर मास्को के लिए प्रमुख प्रावधानों की अनदेखी करती है। उन्होंने कहा कि ये मुद्दे अमेरिका और नाटो से प्राप्त दस्तावेजों के मास्को के मूल्यांकन के केंद्र में होंगे। लावरोव ने ब्लिंकन को बताया कि यूरो-अटलांटिक क्षेत्र में अविभाज्य सुरक्षा पर उच्चतम स्तर पर की गई प्रतिबद्धताओंका उल्लंघन करने वाली कोई भी कार्रवाई अस्वीकार्य है। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के कुछ सामयिक मुद्दों पर भी बातचीत की।

## यमन में संदिग्ध आतंकवादियों ने संयुक्त राष्ट्र के पांच कर्मचारियों का अपहरण किया

सना। अलकायदा के संदिग्ध आतंकवादियों ने दक्षिणी यमन में संयुक्त राष्ट्र के पांच कर्मचारियों का अपहरण कर लिया है। यमन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि शुक्रवार देर रात दक्षिणी प्रांत अबयान में कर्मचारियों का अपहरण कर लिया गया और उन्हें एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। उन्होंने बताया कि इनमें चार यमन के और एक विदेशी नागरिक शामिल है।

अपहरण के बारे में एक सवाल के जवाब में संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, ''हम मामले से अवगत हैं लेकिन कुछ कारणों से इस पर टिप्पणी नहीं कर रहे हैं।'' उन्होंने इस संबंध में विस्तार से नहीं बताया।

वहीं, देश के कबाइली नेताओं ने कहा कि वे अपहर्ताओं के साथ कर्मचारियों की रिहाई के लिए बातचीत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अपहर्ताओं ने फिरौती और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार द्वारा कैद किए गए कुछ आतंकवादियों की रिहाई की मांग की है।

यमन सरकार ने पुष्टि की कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा और रक्षा विभाग के कर्मियों का अज्ञात हथियारबंद लोगों ने अपहरण कर लिया।



## तुर्की ने बढ़ते तनाव के बीच यूक्रेन के लिए यात्रा चेतावनी जारी की

अंकारा। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के कारण अपने नागरिकों को पूर्वी यूक्रेन की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मंत्रालय के बयान का हवाला देते हुए कहा, हमारे नागरिक यूक्रेन के पूर्वी सीमा क्षेत्रों की यात्रा करने से बचें। मंत्रालय ने नागरिकों से अपनी सुरक्षा के लिए हर संभव सावधानी बरतने और आवश्यक यात्रा से पहले कीव में तुर्की दूतावास से संपर्क करने के लिए कहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को सैन्य कार्रवाई के बढ़ते खतरों का हवाला देते हुए यूक्रेन में अमेरिकी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने के लिए आग्रह किया है। तुर्की ने हाल ही में इस क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए यूक्रेन और रूस के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करने के लिए कदम बढ़ाया है।

## पाकिस्तान में कुरान के अपमान पर अधेड़ को पुलिस हिरासत से छुड़ाकर पीट–पीट कर मार डाला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में कुरान के अपमान का आरोप लगाकर एक अधेड़ को पीट-पीट कर मार डाला गया है। गुस्साई भीड़ ने अदालती फैसले का इंतजार भी नहीं किया और पुलिस की हिरासत से अधेड़ को छुड़ाकर मौत के घाट उतार दिया।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के खानेवाल जिले के जंगल डेला गांव में नमाज के बाद एकत्रित लोगों ने एक व्यक्ति पर कुरान के कुछ पन्ने फाड़ने का आरोप लगाया था। क्षेत्रीय थाना प्रभारी की अगुवाई में गई पुलिस टीम ने आरोपित को हिरासत में ले लिया।

इसके बावजूद गुस्साई भीड़ ने आरोपित को पुलिस से छुड़ा लिया और उसे पेड़ से बांध दिया। आरोपित को ईंटों से तब तक मारा गया, जब तक उसकी मौत नहीं हो गयी।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार वह व्यक्ति स्वयं को बेगुनाह बता रहा था और सफाई देने की कोशिश कर रहा था किन्तु भीड़ ने उसकी एक न सुनी।

पंजाब के मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार ने पुलिस महानिरीक्षक राव सरदार अली खान से मामले की रिपोर्ट तलब की है। इससे पहले दिसंबर में श्रीलंका के एक इंजीनियर पर भी ईशनिंदा का आरोप लगाकर उसकी हत्या कर दी गयी थी। पाकिस्तान के सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज के अनुसार पाकिस्तान में 1947 से ईशनिंदा के कुल 1,415 मामले दर्ज किए। इनमें से 18 महिलाओं और 71 पुरुषों सहित कुल 89 लोगों की हत्या ईशनिंदा के आरोप में की जा चुकी है। इनके अलावा तमाम मामले ऐसे भी हैं जो सामने ही नहीं आए हैं।



## कीव में ऑस्ट्रेलियाई दूतावास ने संचालन किया बंद

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री मारिस पायने ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने कीव में अपने दूतावास के संचालन को बंद कर दिया है और राजनयिक कर्मचारियों को यूक्रेनी शहर ल्वीव में एक अस्थायी कार्यालय में स्थानांतरित कर रहा है।

विदेश मंत्री पायने ने अपने बयान में कहा, यूक्रेन की सीमा पर रूसी सैनिकों के निर्माण के कारण बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए, सरकार ने कीव में ऑस्ट्रेलियाई दूतावास के कर्मचारियों को प्रस्थान करने और कीव में हमारे दूतावास में अस्थायी रूप से बंद करने का निर्देश दिया है।

विदेश मंत्री ने कहा कि यूक्रेन में अपने नागरिकों को दूतावास संबंधी सहायता प्रदान करने की ऑस्ट्रेलिया की क्षमता कम हो सकती है।

श्री पायने ने कहा, हम अपने संचालन को ल्वीव में एक अस्थायी कार्यालय में स्थानांतरित कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलियाई लोगों को तुरंत यूक्रेन छोड़ने की सलाह दी जा रही है क्योंकि अल्प सूचना पर सुरक्षा की स्थिति बदल सकती है।



कनाडा के विदेश मंत्री मेलानी जोली ने शनिवार को कहा कि कीव में कनाडाई दूतावास संचालन को निलंबित कर रहा है और यूक्रेन के ल्वीव शहर में कनाडाई लोगों की सहायता के लिए एक अस्थायी कार्यालय बनाया जा रहा है।

कनाडाई लोगों को यूक्रेन छोड़ने और देश की सभी यात्रा से बचने की सलाह दी गई थी।

इससे पहले शनिवार को जर्मन संघीय विदेश कार्यालय ने जर्मन नागरिकों से किसी भी गैर-जरूरी प्रवास को जल्द से जल्द समाप्त कर वापस लौटने का आह्वान किया। इसी तरह की सलाह न्यूजीलैंड, बेल्जियम और फिनलैंड सहित अन्य देशों द्वारा जारी की गई है।

## बाइडेन, पुतिन ने यूक्रेन संकट पर फोन पर चर्चा की

वाशिंगटन/मास्को। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को यूक्रेन के हालात पर फोन पर बातचीत की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने व्हाइट हाउस के बयान और क्रेमलिन का हवाला देते हुए बताया कि लगभग एक घंटे तक चली बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रन की स्थिति और संबंधित सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडेन ने पुतिन को स्पष्ट कर दिया संयुक्त राज्य अमेरिका कूटनीति में शामिल होने के लिए तैयार है। ये अन्य परिदृश्यों के लिए समान रूप से तैयार है। स्पुतनिक ने क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव के हवाले से बताया कि रूस को सुरक्षा गारंटी पर अमेरिका से ठोस प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## शीर्ष साउथ कोरियाई, अमेरिकी राजनयिकों ने प्योंगयांग के साथ काम करने के तरीकों पर चर्चा की

सियोल। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चुंग यूई-योंग और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने उत्तर कोरिया के साथ जुड़ने के सर्वोत्तम तरीकों पर चर्चा करने के लिए हवाई में मुलाकात की। योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार की बैठक प्योंगयांग के साथ बातचीत में लंबे अंतराल के बीच उत्तर कोरियाई मिसाइलों की हालिया श्रृंखला के बाद हुई है। चुंग ने कहा कि वह उत्तर कोरिया से निपटने के तरीके पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। शीर्ष दक्षिण कोरियाई मंत्री ने ब्लिंकन के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक की शुरूआत में कहा कि हमारे पास कवर करने के लिए बहुत कुछ है, और हम कोरियाई प्रायद्वीप की वर्तमान स्थिति के बारे में बहुत चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि स्थिति से कैसे निपटा जाए, इस पर हमारे विचारों का अच्छा आदान-प्रदान भी हो सकता है। उत्तर कोरिया ने जनवरी में मिसाइल प्रक्षेपण के सात दौर का मंचन किया, जो एक महीने में किए गए सबसे बड़े मिसाइल परीक्षणों को चिह्नित करता है। इसने एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल भी दागी, जो 2017 के अंत के बाद से लॉन्च की गई सबसे लंबी दूरी की मिसाइल है।

## अफगान केंद्रीय बैंक ने संपत्ति को बांटने के अमेरिका के कदम को बदलने का आह्वान किया

काबुल। अफगानिस्तान के केंद्रीय बैंक ने रविवार को युद्धग्रस्त देश की अमेरिकी में फ्रीज संपत्ति के बंटवारे के सरकार के फैसले को वापस लेने का आह्वान किया। व्हाइट हाउस के एक बयान के अनुसार, शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें युद्धग्रस्त देश के केंद्रीय बैंक से कुछ फ्रीज संपत्ति को सहायता के रूप में और 11 सितंबर, 2001 के आतंकवादी हमलों के पीड़ितों को वितरित करने की अनुमति दी गई थी। व्हाइट हाउस के अनुसार, जबकि प्रशासन अफगान लोगों के लाभ के लिए उन संपत्तियों के 3.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच की सुविधा की तलाश करेगा, डीएबी की 3.5 बिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति अमेरिका में रहेगी और आतंकवाद के अमेरिकी शिकार को लेकर चल रही मुकदमेबाजी के अधीन है। रविवार को अपने बयान में, दा अफगानिस्तान बैंक (डीएबी) ने कहा, वह विदेशी मुद्रा (एफएक्स) भंडार को अवरुद्ध करने और उन्हें अप्रासंगिक उद्देश्यों के लिए आवंटित करने, अफगानिस्तान के लोगों के साथ अन्याय पर अमेरिका के कदम पर विचार करेगा और कभी भी स्वीकार नहीं करेगा यदि एफएक्स अफगानिस्तान के भंडार का भुगतान मुआवजे के नाम पर या दूसरों को मानवीय सहायता के तहत किया जाता है और अफगानिस्तान के सभी विदेशी मुद्रा भंडार को वापस लेने और जारी करने के फैसले को उलट देना चाहता है। कानून और प्रासंगिक नियमों के अनुसार, अफगानिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग मौद्रिक नीति को लागू करने, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाने और वित्तीय क्षेत्र को स्थिर करने के लिए किया जाएगा। इन भंडारों के असली मालिक अफगानिस्तान के लोग हैं। बैंक के बयान में कहा गया है कि ये भंडार सरकारों, पार्टियों और समूहों की संपत्ति नहीं थे और कभी भी उनकी मांग और निर्णयों के अनुसार उपयोग नहीं किए जाते हैं।



## कनाडा में ट्रक ड्राइवरों के विरोध को समाप्त करने के लिए पुलिस ने प्रवर्तन कार्रवाई तेज की

ओटावा। कनाडा की पुलिस ने विशेष रूप से कनाडा-अमेरिका सीमावर्ती शहर विंडसर और राष्ट्रीय राजधानी ओटावा में चल रहे कोविड-विरोधी ट्रक ड्राइवरों के विरोध को समाप्त करने के लिए प्रवर्तन को आगे बढ़ाया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विंडसर पुलिस ने शनिवार को ट्वीट किया कि उन्होंने कोविड -19 प्रतिबंधों का विरोध करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई शुरू कर दी है। ट्वीट में कहा गया, विंडसर पुलिस और उसके पुलिस साझेदारों ने एंबेसडर ब्रिज पर और उसके पास प्रवर्तन शुरू कर दिया है। हम सभी प्रदर्शनकारियों से कानूनन और शांति से कार्य करने का आग्रह करते हैं। यात्रियों को अभी भी प्रदर्शनों से प्रभावित क्षेत्रों से बचने के लिए कहा जा रहा है। ओंटारियो प्रांत, जहां ओटावा स्थित है, ने शुक्रवार को काफिले के विरोध को रोकने के लिए आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पार, प्रमुख राजमार्गों सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के साथ माल, लोगों और हवाई अड्डों, बंदरगाहों, पुलों और रेलवे सेवाओं की आवाजाही को रोकना अवैध और दंडनीय है। ओंटारियो सुपीरियर कोर्ट ने शुक्रवार रात विरोध प्रदर्शनों के खिलाफ निषेधाज्ञा जारी की, जिसमें प्रतिभागियों को जगह से हटने के लिए शाम 7 बजे तक का समय दिया गया। ओटावा शहर में, पुलिस ने कहा कि पूरे दिन 4,000 से अधिक प्रदर्शनकारी मौजूद थे। शनिवार शाम को जारी एक बयान में, पुलिस ने ओटावा क्षेत्र में प्रदर्शनकारियों के एक महत्वपूर्ण प्रवाह और वर्तमान कब्जे में वृद्धि के जवाब में एक उन्नत, एकीकृत कमांड सेंटर (आईसीसी) की स्थापना की घोषणा की। हम उम्मीद करते हैं कि आईसीसी हमारे शहर की मौजूदा स्थिति का जवाब देने के लिए हमारी पुलिस सेवा की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। आईसीसी हमें हमारे पुलिसिंग भागीदारों द्वारा हमें प्रदान किए गए अतिरिक्त संसाधनों का सबसे प्रभावी उपयोग करने की अनुमति देगा।



# सुधा सॉसाययटी फ़ाउंडेशन,साउथ सिटी 2,गुरुग्राम ने राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मनाया






**नई दिल्ली।** सुधा सॉसाययटी फ़ाउंडेशन , साउथ सिटी 2 , गुरुग्राम ने राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मनाया । सॉसाययटी की अध्यक्षा श्रीमाती रुचि सक्सेना ने बताया की भारत का राष्ट्रीय महिला दिवस 13 फरवरी को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और कवयित्री सरोजिनी नायडू का जन्म हुआ था। सरोजिनी नायडू स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ ही स्त्रियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली प्रमुख कार्यकर्ता थीं। उन्हें नाइटेंगल ऑफ इंडिया और भारत कोकिला के रूप में भी जाना जाता है। सरोजिनी नायडू को देश की पहली महिला राज्यपाल होने का गौरव भी हासिल है। फिर स्वर सामग्री प्रख्यात लता मंगेशकर को श्रधांजलि अर्पित की गयी और उनको भजन जानकर याद किया गया । इस अवसर पर भारत की सम्मन्नीय महिलाओं को भी उनके द्वारा की गयी विशेष उपलब्धि के लिए याद किया गया । अरुणिमा सिन्हा जिन्होंने माउंट एवरिस्ट पर चढ़ायी की वे बहुत बहादुर महिला थी जिन्होंने चलती ट्रेन में चोरों की पकड़ने का साहस दिखाया और चोरो ने उनको ट्रेन से गिरा दिया जिससे उनको ऐक टांग गवानी पड़ी । आरती साहा इंग्लिश चैनल 1959 में पार करने वाली पहली भारतीय महिला हुई जिनको पद्म श्री अवार्ड मिला। ऐसे ही मेरी काम महिला बॉक्सर जो अलिम्पिक 2012 के लिए क्वालिफ़ाई हुई और असीयन गेम्ज़ 2014 में स्वर्ण पदक जीता ।

इस दिन को सुधा बहुत महत्वपूर्ण मानती है और गरीब परिवार की महिलाओं को स्वास्थ्य सम्बंधी सवाए देती है । गुरुग्राम के खल पाड़ा, जेजे क्लस्टर, बसई एन्क्लेव और साउथ सिटी द्वद्व पड़ोस में सभी महिलाओं को लगभग 200 सैनिटरी पैड की आपूर्ति की गई। दीप्ति, पूजा, संजोली, किरण, अंजलि, और अनिल दत्ता, स्वयंसेवकों ने बात की और अपने मासिक धर्म के दौरान स्वस्थ रहने के लिए अपनाए जाने वाले आहार के बारे में जानकारी जुटाई।

वर्कशॉप के दौरान रुचि सक्सेना ने युवतियों से बातचीत की और स्वास्थ्य और सेहत के बारे में उनके सवालों के जवाब दिए। और जागरूकता फैलाकर इसमें भाग लिया और सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया।

प्रेम और बलिदान की मूर्ति नारी शक्ति का सुधार का नारा देते हुए सुधा के चेर्मन श्री गोपाल कृष्ण भटनागर ने नारी शक्ति के विकाश के लिए सब को अपील की।

## आप-कांग्रेस ने निगमों को फंड नहीं दिया : भाजपा

**नई दिल्ली।** डेढ़ दशक से अब तक आम आदमी पार्टी और इससे पहले कांग्रेस ने नगर निगमों को फंड नहीं दिया। यही कारण है कि डीबीसी समेत अन्य हजारों निगम कर्मियों की सेवाएं समय पर नियमित नहीं हो पाई हैं। यह कहना है दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर का। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों के नेताओं को नगर निगम कर्मचारियों की आर्थिक परेशानियों पर राजनीतिक बयानबाजी करते देख दुख होता है।

दक्षिण निगम द्वारा डीबीसी कर्मियों के पद एवं सेवा नियमितीकरण के प्रस्ताव से कर्मचारियों में हर्ष है। अब वह आम आदमी पार्टी के बयानों से गुमराह नहीं होंगे। वह जानते हैं कि निगमों की समस्याओं के लिए केजरीवाल सरकार दोषी है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के नेता निगम कर्मियों की समस्याओं पर घड़ियाली आंसू बहाने की बजाय मुख्यमंत्री से पूरा फंड जारी करने की मांग करें तो बेहतर होगा

## कविता लिखें और इनाम पाएं

**नई दिल्ली।** वेलेंटाइन डे को लेकर द्वारका स्थित इस्कॉन मंदिर की ओर से ऑनलाइन कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उत्कृष्ट कविता लिखने वाले को पुरस्कृत भी किया जाएगा। 14 फरवरी को नित्यानंद प्रभु का प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर की साज-सज्जा भी नीले और पीले रंग से की जाएगी। मंदिर प्रशासन के अनुसार, श्रद्धालु इन दोनों रंगों के परिधान पहनकर भगवान के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित कर सकते हैं।

## गैस रिसाव से लगी आग, दो झुलसे

**नई दिल्ली।** आनंद विहार स्थित जेजे कैंप में शनिवार शाम घरेलू सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण आग लग गई। हादसे में एक बच्चा समेत दो लोग झुलस गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, शाम 7-15 बजे जेजे कैंप में आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम और दमकल गाड़ियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। हादसे में आकर 28 वर्षीय राजकुमार व 12 वर्षीय मो. तनवीर झुलस गए। दोनों को डॉ. हेडगवार अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण आग लगी थी।

## दिल्ली के बजट को लेकर सीटीआई ने मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार जल्द ही वित्तीय वर्ष 2022-23 को लेकर बजट पेश करने जा रही है। इस बीच चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने व्यापार एवं उद्योग जगत से जुड़े लोगों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। सीटीआई ने हेल्पलाइन नंबर जारी कर 25 फरवरी तक सुझाव देने को कहा है।

सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल का कहना है कि व्यापारी और उद्यमियों की ओर से दिए जाने वाले सुझावों के आधार पर एक ड्रॉफ्ट बनाकर सरकार को सौंपा जाएगा, जिससे उनके सुझावों को भी बजट में शामिल किया जा सकेगा। बजट पूर्व सभी की राय और सुझावों को जानने के लिए सीटीआई की तरफ से ऑनलाइन और ऑफलाइन बैठक किए जाएंगे। इसमें अलग-अलग वर्ग के कारोबारियों को जोड़ा जाएगा।

स्थानीय बाजारों की समस्या, निवेश को बढ़ाने और कारोबारी सुगमता को बढ़ाने से लेकर नए उद्योग की स्थापना और रोजगार के अवसर बढ़ाने जैसे मुद्दों पर सरकार को सुझाव दिया जाएगा। दिल्ली के कारोबारी एवं उद्यमी सीटीआई व्हाट्स एप हेल्पलाइन नंबर 9871363004 पर अपने सुझाव दे सकते हैं।

## कंपटेक्टर का लोकार्पण किया आदेश गुप्ता नें

**नई दिल्ली।** फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया शाहदरा में पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा नवनिर्मित फिक्स कंपटेक्टर ट्रांसफॉर्मर स्टेशन का लोकार्पण किया गया विवेक विहार वार्ड 29 के अंतर्गत आने वाले फ्रेंड्स कॉलोनी औद्योगिक क्षेत्र में लगया गया यह फिक्स कंपटेक्टर ट्रांसफॉर्मर स्टेशन पार्षद संजय गोयल के अथक प्रयासों से लगाया है पूर्वी दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आने वाले सभी औद्योगिक क्षेत्रों में यह पहला फिक्स कंपटेक्टर ट्रांसफॉर्मर स्टेशन है कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद संजय गोयल द्वारा की गई। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता रहे इसके अलावा स्थाई समिति अध्यक्ष बी एस पवार , हिमांशी पांडे ,जिला महामंत्री दीपक गाबा पूर्व पार्षद महेंद्र जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन मित्तल, मंडल अध्यक्ष अभिषेक मित्तल समेत भारी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे ईस्ट दिल्ली मेन्यूफैक्टरर्स एसोसिएशन एवम फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियलिस्ट एसोसिएशन की और से डॉ अनिल गुप्ता ,राकेश बंसल, नरेंद्र छाबड़ा, विनीत जैन, परमिंदर सिंह हरीश मनचंदा, अजय जैन हरीश गर्ग नीरज गुप्ता अनुज बंसल अमित जैन रोहित बंसल राजेश जैन सहित बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।

## संगत की सुविधा के लिए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी यमुना नदी के तट पर गुरुद्वारा मजनू का टीला में अस्थि विसर्जन स्थल का निर्माण करेगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने जानकारी दी है कि डीएसजीएमसी यमुना नदी के तट पर गुरुद्वारा मजनू का टीला दिल्ली में संगत की सुविधा के लिए अस्थि विसर्जन स्थल का निर्माण करेगी क्योंकि अस्थि विसर्जन के लिए उचित संरचनात्मक मंच के आभाव में लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

दिल्ली की संगत विशेष रूप से गरीब लोग जो अस्थि विसर्जन के लिए कीरतपुर साहिब/हरिद्वार जाने का खर्च नहीं उठा सकते, वे गुरुद्वारा मजनू का टीला आना पसंद करते हैं। बरसात के मौसम में अस्थि विसर्जन स्थल और उसके आसपास का क्षेत्र जलमग्न हो जाता है और फिसलन वाला क्षेत्र बन जाता है जिससे दुर्घटना होती है। इसलिए, डीएसजीएमसी ने संगत की सुविधा के लिए यमुना नदी के तट पर गुरुद्वारा मजनू का टीला में उचित अस्थि विसर्जन स्थल बनाने का निर्णय लिया है जिसके लिए हमने दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री को आवश्यक अनुमति और एनओसी के लिए एक पत्र लिखा है। प्लेटफॉर्म और बैठने की जगह के निर्माण पर होने वाला सारा खर्च डीएसजीएमसी द्वारा वहन किया जाएगा।

# बदरपुर क्षेत्र को मिले विकास के अन्यानेक उपहार : बिधूड़ी

### क्षेत्र को मिली नई सड़कें, बारातघर और गंदे पानी की निकासी के लिए नाले

कुलदीप त्यागी

**नई दिल्ली।** बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए रविवार का दिन बहुत शुभ रहा जब उन्हें अन्यानेक विकास कार्यों का उपहार मिला। केंद्रीय मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर ने क्षेत्रवासियों को इन विकास कार्यों के लिए बधाई दी। केंद्रीय मंत्री श्री गुर्जर ने सेक्टर-37, फरीदाबाद से मोलड़बंद तक नव-निर्मित गुड़गांव कैनाल रोड़ का उद्घाटन किया। इस रोड़ के बनने से दिल्ली-हरियाणा के लोगों के लिए आना-जाना आसान हो जाएगा।

श्री गुर्जर जी ने बसंतपुर, हरियाणा से अर्पण विहार, जैतपुर तक की नव-निर्मित सड़क का भी उद्घाटन किया।



दोनों कार्यक्रमों की अध्यक्षता दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने की। इससे बदरपुर एवं फरीदाबाद के लाखों क्षेत्रवासियों को लाभ होगा।

बिधूड़ी ने सौरभ विहार में नव-निर्मित बारातघर का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम पार्षद श्रीमती अनामिका मिथिलेश सिंह ने की।

बिधूड़ी ने ताजपुर पहाड़ी में बुद्धा जयंती पार्क के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इसके अलावा उन्होंने ताजपुर पहाड़ी, शहीद बिजेन्द्र सिंह गुर्जर मार्ग, मेन जैतपुर रोड़ पर 40 लाख रूपयों की लागत से बनाए जा रहे नाले के निर्माण कार्य का भी शुभारम्भ किया।

इन विकास कार्यों पर क्षेत्र की जनता ने श्री कृष्ण पाल गुर्जर और बिधूड़ी का आभार व्यक्त किया।

## समयपुर में बॉक्सिंग अकेडमी शुरू हुई



**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के विख्यात कस्बे नजफगढ़ स्थित समयपुर गांव में आज चौधरी चंदगीराम बॉक्सिंग अकेडमी शुरू हुई। अकेडमी के उद्घाटन के अवसर पर दिल्ली एम्योचर बॉक्सिंग एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट थान सिंह यादव, आरओसी के चेयरमैन बृजमोहन यादव के अलावा नरेश शौकीन और बड़ी संख्या में बॉक्सर मौजूद थे। इस दौरान अतिथियों को पगड़ी बांधकर स्वागत किया, जबकि बॉक्सरों को उपहार दिए।

इस मौके पर थान सिंह यादव ने कहा कि बॉक्सिंग में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। देश के खिलाड़ी ओलपिंक में भी कई पदक जीत चुके है। इन खिलाड़ियों में लड़किया काफी आगे है। वह दिन दूर नहीं है जब बॉक्सिंग में देश के खिलाड़ियों के समक्ष विदेशी खिलाड़ी टिक नहीं आएंगे।

## दिल्ली हाई कोर्ट के सख्त आदेश के बाद भी खुलेआम हो रहा है अवैध निर्माण

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट कोर्ट के आदेश के बावजूद देश की राजधानी में अवैध निर्माण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अब द्वारका इलाके में भी यह खेल हो गया है।

यह स्थिति तब है, जब इस बाबत लगातार अधिकारियों से शिकायत कर इस पर रोक लगाने की मांग की जा रही है। लेकिन, अधिकारियों का रवैया ऐसा है कि शिकायतों की जांच की आड़ में कार्रवाई के नाम पर आनाकानी कर रहे हैं। हालिया मामला द्वारका इलाक़े के पोचनपुर गाँव के खसरा नं 25/18 में सामने आया है।

जहां 1000 गज की ज़मीन मे से अबतब 400 गज ज़मीन पे 4 माले का मकान का अवैध निर्माण किया जा चुका है। इस बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण मामले में दक्षिणी जिला प्रशासन से लेकर नगर निगम को लिखित में शिकायत की है, लेकिन शिकायत के कई माह बीत जाने के



और दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी अवैध निर्माण पर रोक लगाने की किसी अधिकारी ने जरूरत नहीं महसूस की है।

इलाके के भूमाफिया ने कुलजीत सिंह की जमीन पर कब्जा कर लिया है और उस पर अवैध निर्माण कराना शुरू कर दिया है। जिसको लेकर हाईकोर्ट ने तीन बार आदेश दिल्ली पुलिस को दिया लेकिन पुलिस ने हर बार पुलिसकर्मियों की कमी का बहाना बना कर टालमटोल करती आ



रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार पुलिस ने उलटे उनके और उनके सहयोगी के खिलाफ़ एफ़आइआर दर्ज कर लिया है।

शिकायतकर्ता कुलजीत सिंह का आरोप है कि दक्षिणी दिल्ली के नगर निगम के प्रशासन व पुलिस की मिलीभगत से यह खेल चल हो रहा है, जिसके चलते ही अब तक कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## शराब ठेकों पर लुभाने वाली नीति बंद करें- परमजीत सिंह पम्मा

- क्या दिल्ली में शराब को डुबोने का ठेका लिया है मुख्यमंत्री ने - पम्मा
- शराब ठेकों की नीति के खिलाफ एंग्री मैन पम्मा चलाएंगे आंदोलन

**नई दिल्ली।**

नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने कहा लगातार दिल्ली में शराब ठेकों की नीति के खिलाफ लोगों का विरोध बढ़ता ही जा रहा है जगह-जगह ठेके बंद करने का विरोध हो रहा है अब तो शराब की कंपनियों को ठेके वालों ने शराब की बिक्री बढ़ाने के लिए नई नई स्कीम ला रही है जिसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

परमजीत सिंह पम्मा व प्रमुख समाज सेवीका प्रिया अरोड़ा ने कहा शराब की बिक्री बढ़ाने के लिए लोगों को ऑफर की नीति से घर बर्बाद हो रहे हैं। लोग इस लालच में आकर जगह-जगह ठेकों के बाद लाइन



लगाकर खड़े हैं और कईयों के घर पर तो खाने के भी बहुत लाले पड़े हुए हैं मगर दिल्ली सरकार सोई पड़ी है और माननीय मुख्यमंत्री जी अपने चुनाव में इस प्रकार व्यस्त हैं कि उन्होंने दिल्ली वालों को शराब में डुबोने का ठेका लिया है।

प्रिया अरोड़ा ने कहा जगह जगह शराब के ठेके खुलने से महिलाओं का घर से निकलना बड़ा मुश्किल हो रहा है इससे महिलाओं से छेड़छाड़ करने की घटनाएं और क्राइम काफी बढ़ रहा है।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और रेजिडेंस एरिया में व धार्मिक स्थलों के पास खुले ठेकों को बंद करने की मांग की।

# हेमंत बिस्वा शर्मा सार्वजनिक रूप से अपने घिनौने बयान के लिए माफ़ी मांगे और अपने पद से इस्तीफा दे: श्रीनिवास बी वी

### भारतीय युवा कांग्रेस का असम के मुख्यमंत्री के घिनौने बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

रवि शंकर तिवारी

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने आज असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा के घिनौने बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि हार के डर से असम के (कांग्रेस के भगोड़े) मुख्यमंत्री ने मानसिक संतुलन खो कर राजनीतिक दिवालियेपन की सब हदें पार कर ली। अब मोदी जी की निष्ठा प्राप्त करने के लिए अपनी पुरानी पार्टी को गाली देना ज़रूरी है। ये हेमंता सरमा के छिछोरेपन व घटिया सोच का सबूत है। चुनाव के डर से भाजपा के नेताओ का असली चेहरा जनता के सामने आ रहा है, पांचों राज्यों में जनता के मुद्दों पर कोई बात नही कर रहे है भाजपा के नेता, क्योंकि डर है की उसका जवाब नही दे पायेंगे, इसलिए मुद्दों को भटकने के लिए निचली स्तर की राजनीति पर उतर आई है भारतीय जनता पार्टी।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी की राजनीति का तरीका और विचारधारा एक दूसरे का सम्मान करना है जो




की इस देश की सभ्यता है। भाजपाइयों का इस सभ्यता और शिष्टाचार से दूर-दूर तक कोई लेना देना नही है। उन्होंने यह भी कहा कि दुख की बात यह है कि ऐसे लोग आज सीएम पद पर बैठकर जहर





उगल रहे है और देश के PM अपनी चुप्पी से राजनीति के स्तर को निचले स्तर तक लेकर जा रहे है। जनता के हौसलें बुलंद हैं, और कांग्रेस के संग है। पांच राज्यों में चुनावी रैलियों की तस्वीरें स्पष्ट कर रही हैं- की राज्यों में सरकार बदलने जा रही है, और कांग्रेस की सरकार आ रही है, इसलिए भाजपा के नेताओ का दिमाग पागलपन का शिकार हो गया है। राज्यों में मिल रहा जनता का भारी समर्थन इस बात का गवाह है कि भारी बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है, लोगों की उम्मीद और भरोसा सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस से है। भारतीय युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने यह मांग की हेमंत बिस्वा शर्मा सार्वजनिक रूप से अपने बयान के लिए माफ़ी मांगे और अपने पद की गरिमा और मर्यादा को समझे व उसका सम्मान करे।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल राव ने कहा कि अनेकों युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में सम्मलित हुए, भाजपा के नेताओ के बयानों से एक बात तो स्पष्ट है की जनता मन बना चुकी है कि अब की बार कांग्रेस सरकार।

प्रदर्शन में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल राव, राष्ट्रीय सचिव और दिल्ली सह प्रभारी खुशबू शर्मा, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव समेत अनेकों युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## पश्चिम बंगाल की बदहाल कानून व्यवस्था

डॉ दिलीप अग्निहोत्री

विधानसभा चुनाव परिणाम के फौरन बाद पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का दौर शुरू हुआ था। इसमें सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लोगों की सहभागिता सामने आई थी।

यह भी आरोप था कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस हिंसा को रोकने में कोई गंभीरता नहीं दिखाई। आरोप लगा कि सत्ता पक्ष अपने विरोधियों में भय का संचार करना चाहता था। यह राजनीति की कम्युनिस्ट शैली थी, जिसे तृणमूल ने अपना लिया। ऐसे में ममता बनर्जी की लखनऊ यात्रा चर्चा में रही। क्योंकि यहां विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था को भी मुद्दा बनाया गया है। सत्तापक्ष इस मुद्दे पर पिछली सरकारों पर सवाल उठा रहा है। ममता बनर्जी लखनऊ में भाजपा को हराने की अपील करने आईं थीं। उधर, नई दिल्ली में पश्चिम बंगाल की खराब कानून व्यवस्था पर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया।

लगातार तीसरा चुनाव जीतने के बाद तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी के हौसले बुलंद हैं। पिछले कुछ समय में वह अनेक प्रदेशों की यात्रा कर चुकी हैं। उत्तर प्रदेश में उन्होंने सपा के समर्थन में सभा को संबोधित किया। वह जानती हैं कि अन्य क्षेत्रीय नेताओं की तरह उनका असर भी अपने प्रदेश तक सीमित है। इस दायरे के बाहर ऐसे सभी नेताओं के लिए पहचान का संकट रहता है। इनके नाम पर मतदान करने वाला कोई नहीं होता है। ऐसे में ममता बनर्जी की सक्रियता दिलचस्प है। उनकी पूरी कवायद सपा या किसी अन्य पार्टी के लिए नहीं है। वह भाजपा विरोधी गठबंधन का नेतृत्व करना चाहती हैं। उनकी यह रणनीति अब किसी से छिपी नहीं है लेकिन ममता के सामने दोहरी चुनौती है। एक तो उनके शासन में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। दूसरा यह कि ममता बनर्जी ने विधान सभा चुनाव में पश्चिम बंगाल के बाहर के



सभी लोगों को बाहरी बताया था। उनका यह कथन अब उन पर भारी पड़ रहा है। पुरूलिया से लोकसभा सदस्य 'योतिर्मय सिंह महतो के नेतृत्व में भाजपा सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन में हुई इस मुलाकात में सांसदों ने कोविंद को एक पत्र सौंप कर कहा कि पूरे पश्चिम बंगाल में अराजकता और डर का माहौल है। रा'य की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। पश्चिम बंगाल के जंगल महल क्षेत्र में माओवादियों और अपराधियों की सक्रियता भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जो कि चिंता का विषय है।

'योतिर्मय सिंह महतो की ओर से लिखे इस पत्र में आगे कहा गया कि अपराधियों और नक्सलियों के छुपने के लिए जंगल महल एक सुरक्षित स्थान बन गया है। बावजूद रा'य सरकार और उसके आला अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा। महतो ने कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र पुरुलिया में कोल माफिया और रेत माफिया प्रशासन की शह पाकर खुले तौर पर अवैध कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद से ही अराजकता का माहौल है।

भाजपा सांसद ने राष्ट्रपति का ध्यान चुनाव बाद हुई हिंसा की ओर आकृष्ट करते हुए कहा कि जिन परिवारों ने भाजपा का समर्थन किया था। उन्हें चुनाव बाद हुई हिंसा में अपने प्रियजन को खोना पड़ा है। 'योतिर्मय सिंह महतो ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मौजूदा हालात पर आज पूरा देश चिंतित है और रा'य की एक बड़ी आबादी डर के माहौल में जी रही है।

भाजपा सांसदों ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था के मद्देनजर वह जल्द से जल्द ठोस कदम उठाएं। इसके पहले विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद वहां व्यापक हिंसा हुई थी। इसमें भाजपा समर्थक लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया था। पश्चिम बंगाल की राजनीतिक हिंसा पर एक रिपोर्ट भी जारी हुई थी। यहां चुनाव के बाद से ही हिंसक गतिविधि चलती रही हैं। इसमें भाजपा का समर्थन करने वाले निशाने पर थे। हिंसक तत्वों को सत्तारूढ़ तृणमूल कॉंग्रेस का खुला समर्थन था। यही कारण था कि पुलिस व प्रशासन ऐसी घटनाओं को नजरन्दाज करता रहा। इससे हिंसक तत्वों का मनोबल बहुत बढ़ गया था। पीड़ित लोगों की पुलिस थानों में कोई सुनवाई नहीं थी। वस्तुतः यह हिंसा सुनियोजित थी। इसका उद्देश्य भाजपा समर्थकों में भय फैलाना था।

बंगाल में कम्युनिस्ट व कॉंग्रेस का सफाया हो गया। तृणमूल कॉंग्रेस के सीधे मुकाबले में भाजपा आ गई थी। यह सही है कि इस बार उसे सरकार बनाने का अवसर नहीं मिला,लेकिन उसे तिहत्तर सीटों का लाभ हुआ,नब्बे सीटों पर उसे मामूली अंतर से पराजय का सामना करना पड़ा था। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी नन्दीग्राम से पराजय का सामना करना पड़ा। ऐसे में सरकार बनाने के बाद भी तृणमूल कॉंग्रेस की चिंता बढ़ी थी। एक एजेंसी की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा के करीब 15 हजार मामले हुए। इनमें प'चीस लोगों की जान गई। सात हजार से अधिक महिलाओं का उत्पीड़न हुआ। केंद्र सरकार ने इस रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। गृह रा'यमंत्री जी किशन रेड्डी ने बताया कि कॉल फॉर जस्टिस नाम की एक संस्था ने सरकार को यह रिपोर्ट सौंपी है। इसमें दावा किया गया कि चुनाव नतीजों के बाद दो मई की रात से शुरू हुई हिंसा की वारदातें प्रदेशभर के गांवों और कस्बों में हुई हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल के सत्तापक्ष को इसके लिए जिम्मेदार बताया था। फैक्ट फाइंडिंग कमिटी ने अपनी रिपोर्ट में पाया था कि पूरी हिंसा के दौरान बंगाल पुलिस पूरी तरह से मूकदर्शक बनी रही। जो लोग तृणमूल कांग्रेस को छोड़ कर अन्य राजनीतिक पार्टियों के लिए काम कर रहे थे, उनके आधार कार्ड और राशन कार्ड तक छीन लिए गए। ख़ास तौर में दलित व वनवासी महिलाओं और कमजोर लोगों को निशाना बनाया गया। गृह मंत्रालय की ओर से पोस्ट इलेक्शन वायलेंस पर बनाई गई फैक्ट फाइंडिंग कमिटी में सिक्किम हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रह चुके जस्टिस प्रमोद कोहली, केरल के पूर्व चीफ सेक्रेटरी आनंद बोस, कर्नाटक के पूर्व अतिरिक्त सचिव मदन गोपाल,आईसीएसआई के पूर्व अध्यक्ष निसार चंद अहमद और झारखंड की पूर्व डीजीपी निर्मल कौर शामिल थे। टीएमसी ने विधान सभा चुनाव में विजय मनाने से पहले ही विध्वंस की राजनीति शुरू की थी। ऐसी कोई घटना यदि भाजपा शासित रा'य में हो जाती तो तूफान खड़ा कर दिया जाता। जब बंगाल में दलितों,पिछड़ों, आदिवासियों और महिलाओं के साथ हिंसा होती है तो मानवाधिकार कार्यकर्ता की आवाज भी नहीं निकलती।

# विकास का मंत्र, योगी का संकल्प

डॉ. सौरभ मालवीय



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का प्रथम चरण का मतदान सम्पन्न हो चुका है। सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार में करो -मरो की तरह जुटी हैं। वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं।

यूपी का विधानसभा चुनाव आम चुनाव का सेमीफाइनल मना जा रहा है, क्योंकि यही चुनाव आगे के लोकसभा चुनाव की दिशा निर्धारित करेगा। यह चुनाव योगी आदित्यनाथ के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ है। उनका दावा है कि राज्य की जनता उनके विकास कार्यों को देखते हुए उन्हें दोबारा सत्ता का बागडोर सौंपेगी।

चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह नितिन गडकरी और योगी आदित्यनाथ ने राज्य में अनेक योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, धर्मेन्द्र प्रधान, अनुराग ठाकुर और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा केंद्रीय एवं राज्य कैबिनेट मंत्री चुनाव की तैयारियों में जुटे रहे हैं।

यह भी उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभालते समय राज्य के लोगों से जो वादा किया था, उसे पूर्ण करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। यह योगी जी के ही अथक प्रयास का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश ने विभिन्न क्षेत्रों में देशभर में अपनी पृथक पहचान स्थापित की है।

कृषि उत्पादों में भी उत्तर प्रदेश अग्रणी रहा है। गन्ना एवं चीनी उत्पादन में उत्तर प्रदेश लगातार देश में प्रथम स्थान पर रहा। एक करोड़ 26 लाख रुपये गन्ना मूल्य का भुगतान कर उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी रहा। खाद्यान्न गेहूं, आलू, हरी मटर, आम, आंवला एवं दुग्ध उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम रहा। तिलहन उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर रहा। किसानों को देय अनुदान को डीबीटी के माध्यम से भुगतान करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है। उत्तर प्रदेश किसानों के लिए बाजार को व्यापक बनाने हेतु मंडी अधिनियम में संशोधन करने वाला देश का प्रथम राज्य है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर रहा।

इसके साथ ही सौभाग्य योजना के अंतर्गत एक करोड़ 38 लाख घरों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन देकर उत्तर प्रदेश देश में प्रथम रहा। इसी प्रकार उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एक करोड़ 47 लाख परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन देकर उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी रहा। उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत 62 लाख 83 हजार लोगों को लाभान्वित कर देश में द्वितीय स्थान पर रहा।

निर्माण कार्यों में भी उत्तर प्रदेश किसी से पीछे नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 40 लाख से अधिक निर्माण एवं निर्माण कार्यों को स्वीकृति देकर उत्तर प्रदेश अग्रणी रहा। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश पांच एक्सप्रेस वे का एक साथ निर्माण कर अग्रणी रहा। साथ ही 30 नये मेडिकल कॉलेजों का निर्माण करके भी उत्तर प्रदेश अग्रणी रहा है। उत्तर प्रदेश आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के आधार कार्ड सीडिंग, आवास चयन, प्रथम द्वितीय, तृतीय किस्त जारी करने और आवास निर्माण आदि के प्रदर्शन में भी अग्रणी रहा। उत्तर प्रदेश दो करोड़ 61 लाख व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण करके भी देश में प्रथम स्थान पर रहा है।

उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य नीति लागू करने वाला देश का प्रथम राज्य है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक कोरोना जांच एवं टीकाकरण करने वाला राज्य है। उत्तर प्रदेश कोरोना काल में सर्वाधिक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित करने वाला राज्य रहा। उत्तर प्रदेश कोरोना काल में दूसरे राज्यों से घर वापस आने वाले कामगारों तथा असंगठित श्रमिकों, फेरी वालों, रिक्शा चालकों, कुलियों, पल्लेदारों आदि को निःशुल्क खाद्यान्न एवं भरण पोषण भत्ता देने वाला अग्रणी राज्य है। नोएडा में उत्तर भारत के प्रथम डेटा सेंटर की स्थापना हुई।

औद्योगीकरण के लिए भूमि उपलब्धता एवं आवंटन में भी उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में सम्मिलित है। साथ ही उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की स्थापना में देश में अग्रणी रहा। सैनिटाइजर और मास्क उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश अग्रणी रहा। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक सरकारी नौकरियां और रोजगार देने वाला राज्य है।

उत्तर प्रदेश ने एक जनपद-एक योजना को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। उत्तर प्रदेश सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना करने वाला उत्तर भारत का प्रथम राज्य है। उत्तर प्रदेश ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत 101 करोड़ से अधिक मानव दिवस सृजित कर डेढ़ करोड़ श्रमिकों को रोजगार दिया। उत्तर प्रदेश कौशल विकास नीति को लागू करने वाला प्रथम राज्य है।

उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत सर्वाधिक सात करोड़ दो लाख खाते खोले गए। उत्तर प्रदेश अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 36 लाख 60 हजार 615 लोगों को लाभान्वित कर देश में अग्रणी रहा। उत्तर प्रदेश ई-मार्केट प्लेस जेम के माध्यम से सर्वाधिक सरकारी खरीददारी करने में अग्रणी रहा। उत्तर प्रदेश ई-चालान व्यवस्था लागू करने वाला देश का प्रथम राज्य है। ई-प्रोसिसक्यूशन प्रणाली लागू करने में भी यह राज्य अग्रणी है। उत्तर प्रदेश ने 39 करोड़ 42 लाख पौधारोपण करके रिकॉर्ड स्थापित किया। उत्तर प्रदेश मानव वन्य जीव संघर्ष को आपदा घोषित करने वाला प्रथम राज्य है। उत्तर प्रदेश सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं पारदर्शिता में भी अग्रणी है।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश को देश में सर्वाधिक प्रदर्शन का पुरस्कार प्राप्त हुआ। भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को दो करोड़ रुपये का कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश को पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्राप्त हुआ है। ई-टेंडरिंग प्रणाली में उत्तर प्रदेश ने सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए अवार्ड प्राप्त किया। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सभी बसों में पैनिक बटन एवं सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य बना। उत्तर प्रदेश में अविरल और निर्मल गंगा के प्रति जन जागरूकता के लिए प्रथम बार गंगा यात्रा का आयोजन किया गया। अयोध्या दीपोत्सव में उत्तर प्रदेश ने विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। भाजपा अपने घोषणा-पत्र में जनता से किए वादों को पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

यूपी की जनता इस बार किसे चुनती है, यह तो चुनाव परिणाम आने के पश्चात् ही पता चलेगा, परन्तु इतना निश्चित है कि विकास कार्यों का इस चुनाव में बहुत महत्व है।

# हिजाब या अलगाववादी षड्यंत्र

विनोद बंसल



भारतीय संविधान के अनुसार प्राथमिक शिक्षा सबके लिए अनिवार्य है। किन्तु इस अनिवार्यता के बावजूद दुर्भाग्यवश स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में भी देश की कुल जनसंख्या का 36.90 फीसदी हिस्सा आज भी निरक्षर है। मुस्लिमों में तो यह निरक्षरता दर 42.7 फीसदी है। यदि महिलाओं की बात करें तो ये आंकड़े और भी भयावह हैं।

देश की 66 प्रतिशत मुस्लिम महिलाएं आज भी निरक्षर हैं। उच्च शिक्षा में तो इनकी भागीदारी मात्र 3.56 प्रतिशत है जो अनुसूचित जातियों के अनुपात 4.25 प्रतिशत से भी कम है।

क्या कभी सोचा है कि ये सब आखिर क्यों है? स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात एक तो हमारे राजतन्त्र की शिक्षा के प्रति उदासीनता, दूसरा संसाधनों का अभाव तथा ऊपर से धार्मिक कट्टरता ने मुस्लिम महिलाओं की साक्षरता दर को सबसे नीचे रखा। पहले तो बेटियों को घर से ही नहीं निकलने दिया जाता। दूसरा उन पर बुर्का लाद दिया जाता है। अकेले घर से बाहर पाँव नहीं, मोबाइल नहीं, श्रृंगार नहीं, मनोरंजन नहीं, पर-पुरुष से बात नहीं इत्यादि अनेक फतवे थोप दिए जाते हैं। जिसके कारण पहले तो उनके परिजन ही विद्यालय नहीं भेजते और यदि ऐसा हो भी जाए तो ये बंधन बेटियों के पाँवों को बेड़ियों की तरह जकड़े रहते हैं।

%बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ% अभियान के अंतर्गत वर्तमान केंद्र सरकार ने अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बेटियों की शिक्षा के लिए विशेष प्रयास प्रारंभ किए। जिनका प्रतिफल बेटियों की सुरक्षित व सहज शिक्षा के रूप में सामने आ रहा है। आज चारों ओर के परीक्षा परिणामों पर नजर डालें तो बेटियाँ सर्वाधिक अंक प्राप्त कर मेरिट में सबसे ऊंचे पायदान पर दृष्टिगोचर हो रही हैं। यह एक सुखद अनुभूति तो है किन्तु अभी जब हम लक्ष्य से कोसों दूर हैं तभी अचानक उन बेटियों की शिक्षा पर अचानक कुछ कट्टरपंथियों का पुनः आक्रमण पीड़ादायी लगता है।

अचानक विरोध क्यों

2022 के प्रथम माह में ही कर्नाटक में उडुप्पी के एक छोटे से स्कूल में प्रारम्भ हुआ अनावश्यक विवाद, जिहादियों या यूं कहें कि कुछ कट्टरपंथियों की हठ के चलते कुछ ही दिनों में बागलकोट में पत्थरबाजी तक में कैसे बदल गया जहां के स्थानीय प्रशासन को वहाँ धारा 144 तक लगानी पड़ी। राज्य सरकार को अपने सभी शिक्षण संस्थान तीन दिन के लिए बंद करने पड़े। कुछ अन्य राज्यों में भी प्रदर्शन होने लगे। दिल्ली के शाहीनबाग में भी %नारा-तकदीर-अल्लाहहुअकबर% फिर से गूँजा। कुछ मंत्रियों के बयान आए तो वहीं विपक्षी दल इस मामले को संसद तक ले गया। उधर, देश में जिहाद, अलगाववाद व इस्लामिक कट्टरता की फैक्टरी कहलाई जाने वाली संस्था पीएफआई की संलिप्तता भी जग-जाहिर हो गई।

बच्चों के विवाद में सर्वप्रथम राहुल गांधी कूदे। उन्होंने इसे मुस्लिम व महिला अधिकारों से जोड़ने की कुचेष्टा की। उसके बाद मंगलवार को कर्नाटक के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने एक झूठे ट्वीट के द्वारा हिन्दुओं पर आरोप लगाया कि उन्होंने एक कॉलेज में तिरंगे को उतारकर भगवा लहरा दिया, जो तिरंगे का अपमान है। जबकि, उसी दिन शिवमोगा के ही पुलिस अधीक्षक बीएम लक्ष्मी प्रसाद ने साफ तौर पर कहा कि पोल पर तिरंगा था ही नहीं। इसमें तिरंगे का अपमान कहाँ से हुआ।

वास्तव में तो कांग्रेस की चिढ़ भगवा और भगवा-धारियों से है। यह एकबार पुनः स्थापित हो गया। हिजाबियों की तरफ से न्यायालय में कांग्रेसी ही तो लड़ रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कपिल सिब्बल तो शुक्रवार को इस मामले को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ही पहुँच गए जैसे कि वे तीन तलाक व बाबरी के लिए लड़े। इसके अतिरिक्त इस्लामिक जिहादियों व कथित सेक्युलरिस्टों की टूल किट गैंग द्वारा भी पूरे देश में अराजकता का वातावरण निर्मित किया जा रहा है।अब बात करते हैं विद्यालय व उसके नियमों की। तो हम सभी को पता है कि विद्यालय में प्रवेश से पूर्व एक फॉर्म भरवाया जाता है कि मैं विद्यालय के सभी नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करूंगा तथा उसके उल्लंघन पर दंड का भागी बनूँगा। इन नियमों में विद्यालय के निर्धारित गणवेश (यूनिफॉर्म) की बात भी होती है। साथ ही संभवतया हम सभी ने कभी-ना-कभी (चाहे भूलवश ही सही) गणवेश के किसी अंग की न्यूनता के लिए दंड भी भुगता होगा। किन्तु कभी किसी विद्यार्थी को हिजाब, बुर्का या गोल टोपी में नहीं देखा होगा। होना भी नहीं चाहिए। विद्यालय समता, समानता व एकरूपता के केंद्र हैं। ना कि जाति, मत-पंथ, भाषा-भूषा या खान-पान के आधार पर अलगाववाद के अड्डे।

उडुपी की ये छात्राएं गत अनेक वर्षों से उसी विद्यालय में बिना किसी शिकायत के शांति से पढ़ रही थीं। फिर जिस विद्यालय में अचानक हिजाब का उदय हुआ वह तो था ही सिर्फ छात्राओं का जहां, लड़कों का प्रवेश ही वर्जित है। तो फिर हिजाबी पर्दा किससे और क्यों? इस पर एक प्रश्न के जवाब में एक विरोध करने वाली मुस्लिम बेटी ने बगलें झाँकते हुए कहा कि एकाध शिक्षक तो पुरुष हैं ही इसलिए हिजाब जरूरी है। सोचिए! जिस विद्यार्थी की गुरुजनों के प्रति ऐसी दुर्जनों वाली सोच हो तो उसके विद्या अध्ययन का क्या अर्थ? खैर! ये गलती उस बेटी की नहीं अपितु उसे बहलाने, फुसलाने, भड़काने व उकसाने वाले उस कट्टरपंथी धड़े की है जो कभी चाहता ही नहीं था कि मुस्लिम बेटियाँ कभी घर की चारदीवारी पार कर अपना जीवन स्वच्छंदता से जी सकें। वे तो उन्हें अपने पैरों की जूती, मर्दों की खेती व मनोरंजन का साधन से अतिरिक्त कुछ समझता ही नहीं।

इस सारे षड्यंत्र के पीछे देश की उस कट्टर इस्लामिक जिहादी संस्था पीएफआई की उपस्थिति भी साफतौर पर स्पष्ट हो चुकी है, जिसके विरुद्ध अलगाववादी व आतंकवादी गतिविधियों के संदर्भ में देश की सर्वोच्च सुरक्षा एजेंसी- एनआईए जांच एजेंसी जांच कर रही है और जो देशभर में इस्लामिक कट्टरता और अराजकता फैलाने में लिप्त है। इसकी छात्र विंग कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया का बयान भी मीडिया में आ चुका। यह संयोग है या षड्यंत्र, ये आप तय करें किन्तु यह तथ्य और सत्य है कि जैसे ही कांग्रेस ने कट्टरपंथियों की चाल के समर्थन में ट्वीट करना प्रारम्भ किया, पाकिस्तान से भी उसी स्वर में तालियां बजने लगीं। एक ओर जहां कभी कट्टरपंथियों का विरोध व विद्यार्थियों का समर्थन करने वाली पाकिस्तानी नोबल विजेता मलाला, जिसने हलाला पर भी कभी मुंह नहीं खोला, हिजाब का हिसाब मांगने लगी। इतना ही नहीं, पाकिस्तान के अनेक मंत्री, नेता व वहां की पूर्व प्रधानमन्त्री की बेटी भी इस हिजाब जिहाद की समर्थक बन ट्वीट पर टूट पड़ीं। कांग्रेस के ट्वीट पर पाकिस्तान ताली ना बजाए ऐसा कैसे हो सकता था!

ये कट्टरपंथी हर चीज़ को शरीयत के पैमाने से नापने लग जाते हैं लेकिन हक़ीक़त में शरीयत उनके हलक़ से भी नीचे कभी नहीं उतरा। वैसे भी यह भारत है जो, संविधान से चलता है ना कि शरीयत की नसीहतों से। जिसकी आड़ में मुस्लिम महिलाओं को हलाला, तीन तलाक, बहु-विवाह, बहु बच्चे, बाल-विवाह, हिजाब व बुर्के जैसी अनंत बेड़ियों में जकड़ के रखा जाता है। उन्हें मदरसों में मौलवियों के पास तो जाने की छूट है किन्तु मस्जिदों में नहीं? वे मुस्लिम मर्दों को खुश करने की साधन तो होती हैं किन्तु कभी मुल्ला, मौलवी या काजी नहीं बन सकतीं। मोदी सरकार से पूर्व तो पुरुष के बिना महिलाओं को हज तक की अनुमति नहीं थी। पुत्रियों को संपत्ति में अधिकार आज तक नहीं! अपने ही दत्तक पुत्रों से पर्दा कैसा? उन्हें संपत्ति में अधिकार क्यों नहीं?

जो लोग इस्लाम को वैज्ञानिक व प्रगतिशील बताते हैं उनके लिए ये बहुत बड़ी चुनौतियां हैं। यदि उनको विरोध ही करना था तो इन बुराईयों व अत्याचारों के विरुद्ध बिगुल फूँकतीं। किन्तु शायद यदि किसी ने ऐसा किया तो उसका अंजाम भी लोगों ने देखा है। वैसे जिन लड़कियों ने हिजाब के लिए विद्यालय में जिहाद किया उनके वे फ़ोटो व वीडियो भी आजकल सोशल मीडिया में खूब वायरल हैं जिनमें वे स्वयं फटी जींस टी-शर्ट में बिना किसी स्कार्फ, हिजाब या बुर्के के सार्वजनिक स्थानों पर मस्ती करते हुए नजर आ रही हैं किन्तु विद्यालयों में। क्या विद्यालय में घुसते ही उनका इस्लाम खतरे में या जाता है!

खैर! अब सीबीएसई ने अपनी फाइनल परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है। आगामी 26 अप्रैल से वे परीक्षाएं देश भर में होने वाली हैं। अब विद्यार्थियों को स्वयं को राजनीति या कट्टरपंथियों का मुहरा बनने की बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यूनिफॉर्म तो पहनना ही पड़ेगा, इसी में सबकी भलाई भी है। हम 21वीं सदी के नागरिक हैं जो अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हमें किसी टूलकिट गैंग का हिस्सा नहीं अपितु अच्छे अंकों के साथ उत्तम परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना है। संघर्ष हो तो पढ़ाई के लिए व नंबरों के लिए।

वास्तविकता तो यह है कि इस्लामिक कट्टरपंथियों को देश में एकता या एकरूपता पच नहीं रही। वे बारंबार अपनी अलग पहचान चाहते हैं। वे चाहते हैं कि मुस्लिम बेटियाँ अशिक्षित रह कर उनके उत्पीड़न की शिकार बनी रहें। उनका एक ही एजेंडा है जो विभाजन के समय जिन्ना की मुस्लिम लीग ने दिया था- %लड़ के लिया है पाकिस्तान, हंस के लेंगे हिंदुस्तान।% आज हिजाब, कल बुरखा, परसों नमाज, फिर मस्जिद, मदरसा, हलाल और फिर...। विभाजनकारियों के ये षड्यन्त्र अब सफल नहीं होने वाले। ये अफगानिस्तान नहीं जहां बेटियों को शिक्षा से वंचित किया जाए। हम एक-एक बेटी को शिक्षित व जागरूक नागरिक बनाएंगे चाहे वे किसी भी मत-पंथ, संप्रदाय, भाषा-भूषा या क्षेत्र की हो।

# रामपुर मुरादाबाद में 50 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम है मतदाता

14 फरवरी को पश्चिमी यूपी के 9 जिलों की 55 विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में मतदान होना है इन सभी नौ जिलों में मुस्लिम एवम दलित आबादी की बहुलता है रामपुर मुरादाबाद में मुस्लिम आबादी 50त्न से अधिक है जबकि सहारनपुर बिजनौर अमरोहा में 40त्न से अधिक है और संभल बरेली में 30त्न से अधिक है बदायूं और शाहजहांपुर में यह 20त्न के आसपास है

बहुजन समाज पार्टी ने सबसे ज्यादा 23 मुस्लिम प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है जबकि सपा गठबंधन ने 18 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है इसके अलावा कांग्रेस और एम आई एम पार्टी के मुस्लिम प्रत्याशी भी मैदान में हैं

2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने इन 55 विधानसभा चुनाव में 38 सीट जीतकर बड़ी कामयाबी हासिल की

- **2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 38 और सपा को 15 सीट मिली थी**
- **इस बार किसी के पक्ष लहर है ना लाम बंदी , त्रिकोणीय होगी चुनावी जंग**

थी जिसका सबसे बड़े कारण मुस्लिम मतों का बड़ा बिखराव था इन सभी विधानसभा चुनाव में दलितों की आबादी भी बड़ी संख्या में है और करीब 30 विधानसभा चुनाव क्षेत्र को प्रभावित भी करते हैं इसके बावजूद सपा मात्र 15 सीट ही जीत पाई और बसपा अपना खाता भी नहीं खोल पाई थी

इस चुनाव में सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि यदि मुस्लिम और दलित आबादी मिलकर सभी विधानसभा में करीब 50त्न से अधिक है तो सपा बसपा को मिलाकर यहां पर 50 सीटें मिल चाहिए लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यही है कि क्या मुस्लिम और दलित ऐसी कोई समीकरण बनाकर चुनाव लड़ेंगे जिससे दलित मुस्लिम मतों का विभाजन रोका जा जाए और यू पी मे सरकार बनाने में अपनी भूमिक सुनिश्चित की जा सके।

सुनिश्चित कर सके इस बार विधान सभा चुनाव में 2017 की तरह ना तो किसी पार्टी की कोई लहर दिखाई दे रही है ना कोई लामबंदी दिखाई दी है इसलिए इस बार यह चुनाव एक खुला चुनाव है जिसमें जातिगत समीकरण एक बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं ।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91 से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI NO. DELHIN38334, E-mail:gauravashalibharat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

## सार समाचार

### बड़वानी के जंगलों में मिले डायनासोर के 10 अंडे, पुरातत्व विभाग कर रही है जांच

भोपाल। मध्य प्रदेश एक टाइगर स्टेट माना जाता है। लेकिन अब एमपी में डायनासोर के जीवाश्म मिले हैं। पुरातत्व विभाग का दावा है कि प्रदेश के बड़वानी जिले के जंगलों में डायनासोर के 10 अंडे पाए गए हैं। यह अंडे करीब 60 लाख से 1 करोड़ साल पुराने बताए जा रहे हैं। दरअसल बड़वानी जिले के सेंधवा वन मंडल अंतर्गत वरला रेंज में वन विभाग की टीम का पौधरोपण अभियान चल रहा था। इस दौरान पहाड़ी इलाकों में खुदाई के दौरान अंडाकार चट्टानें बरामद हुई। वन विभाग ने इन चट्टानों की जानकारी पुरातत्व विभाग को दी है। जिसके बाद पुरातत्व विभाग की टीम ने आकर जांच किया। आपको बता दें कि पुरातत्व विभाग ने जब जांच की तो हैरान करने वाले तथ्य सामने आए। ये चट्टान डायनासोर के अंडे निकले।



पुरातत्वविद डॉ डीपी पांडे ने कहा कि कुल 10 अंडे मिले हैं। इनमें सबसे बड़े अंडे का वजन करीब 40 किलो है। अन्य करीब 25 किलो तक के हैं। तीन अंडे वे इंदौर लेकर गए हैं। वहीं बड़वानी के एसडीओ संदीप वास्कले ने कहा कि दो साल पहले भी पुरातत्व विभाग की टीम को वरला रेंज के हिंगवा के पास जंगल में अंडे मिले थे। उस समय वे कुछ अंडे लेकर गए थे। कुछ दिन पहले पुरातत्व विभाग की टीम आई थी। यहां से अंडे लेकर गई। उन्होंने जीवाश्म के डायनासोर के अंडे होने की पुष्टि की है। बड़वानी के जंगलों में डायनासोर के और भी जीवाश्म होने की संभावना है इसलिए संबंधित क्षेत्र को संरक्षित करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि दो साल पहले वनरक्षक बद्रीलाल तरौले ने पोस्टिंग के दौरान सबसे पहले इन अंडों को देखा था। जानकारी के अनुसार साल 2007 में धार जिले के जंगलों में भी डायनासोर के जीवाश्म मिले थे। पुरातत्व विभाग को यहां डायनासोर के 25 घोंसले मिले थे। इन घोसलों में बड़ी संख्या में जीवाश्म थे। डायनासोर के जीवाश्म को मांडू में बने फॉसिल पार्क में रखा गया है।

### राजस्थान उच्च न्यायालय ने आसाराम से जुड़े मामले में आईपीएस को तलब किया

जोधपुर । राजस्थान उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म के मामले में स्वयंभू संत आसाराम बापू की दोष सिद्ध को चुनौती देने वाली अपील के बाद भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी को तलब किया है। आसाराम ने अपनी याचिका में दावा किया है कि पीड़िता को पुलिस ने सिखाया पढ़ाया था और पुलिस के कहने पर ही पीड़िता बयान दे रही है। न्यायालय ने आईपीएस अधिकारी को अपने साक्ष्य दर्ज करने के लिए तलब किया है। निचली अदालत ने जोधपुर के आश्रम में नाबालिग लड़की के साथ 2013 में दुष्कर्म करने के आरोप में आसाराम को 2018 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जयपुर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजय पाल लांबा को सात मार्च को अदालत के गवाह के रूप में पेश होने के लिए कहा गया है। आसाराम के वकीलों की ओर से दायर याचिका के मुताबिक हो सकता है कि आईपीएस अधिकारी द्वारा की गई वीडियो रिकॉर्डिंग ने किशोरी की गवाही को प्रभावित किया हो।

### गडकरी और नीतीश ने गंगा नदी पर बने पुल को राष्ट्र को समर्पित किया

मुंगेर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को मुंगेर में गंगा नदी पर बहुप्रतीक्षित 14.5 किलोमीटर लंबे रेल-सह-सड़क-पुल का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुल की आधारशिला 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी द्वारा रखी गई थी। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों में काम पूरा होने की उम्मीद थी, हालांकि, कई कारणों से समय अधिक लग गया। उन्होंने कहा, ह्यह्यरेल-सह-सड़क पुल का अंततः आज उद्घाटन किया गया। यह परियोजना नितिन गडकरी के व्यक्तगत रूप से रूचि लेने के कारण पूरी हुयी है ह्लह्ल पुल के निर्माण में 696 करोड़ रुपये की लागत आयी है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुल का उद्घाटन करने वाले गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग सरकार बिहार के हर शहर और गांव को बेहतर संपर्क देने के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### यात्रियों के लिए रेलवे ने ट्रेनों में फिर से पका हुआ भोजन शुरू किया

नई दिल्ली। रेल यात्रियों को फिर से यात्रा के दौरान ट्रेन में पका हुआ भोजन मिलेगा। 14 फरवरी से ट्रेन में स्वास्थ्यवर्धक, शुद्ध-सात्विक भोजन फिर से बहाल कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे खान-पान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) रेल मंत्रालय का एक सार्वजनिक उपक्रम है, जो भारतीय रेल के यात्रियों को प्रीमियम सेवाएं प्रदान करने का काम करता है। यात्रा करने वाले यात्रियों की आवश्यकताओं और देशभर में कोरोना प्रतिबंधों में ढील के साथ आईआरसीटीसी ने ट्रेनों में पके हुए भोजन सेवाओं को पुनः शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। रेलवे बोर्ड से प्राप्त आदेश के अनुसार, पके हुए भोजन की बहाली पूरी सावधानी के साथ यात्रियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए की गई है। इस तरह की सेवाएं लगभग 428 ट्रेनों में पके हुए भोजन के रूप में बहाल हो चुकी हैं। कोरोना में हो रही कमियों को देखते हुए 21 दिसंबर से ही करीब 30 फीसदी और 22 जनवरी तक 80 फीसदी पके हुए भोजन की सेवा की बहाली कर दी गई थी। बाकी 20 फीसदी फरवरी 14 तक बहाल कर दिया जाएगा। प्रीमियम ट्रेनों (राजधानी, शताब्दी, दुरंतो) में पका हुआ भोजन पहले ही 21 दिसंबर को बहाल कर दिया गया था। गौरतलब है कि 23 मार्च 2020 को कोरोना के कारण सुरक्षा उपायों को देखकर खान-पान सेवाओं को निलंबित कर दिया गया था। देश में कोविड के दरों में संक्रमण दर में गिरावट के साथ आरटीई भोजन 5 अगस्त 2020 से ट्रेनों में भोजन-सेवा शुरू की गई थी। यह सुविधा सभी यात्रियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सहजता से यात्रियों तक निरंतर पहुंचाया जा रहा है।

### इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या देशभर में 10 लाख तक पहुंची

नई दिल्ली। देशभर में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या करीब 10 लाख तक पहुंच गई है। केंद्र की मोदी सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए हाइब्रिड स्कीम चला रही है देश में हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी दर 12 से घटाकर 5 प्रतिशत की गई है। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जरों और चार्जिंग स्टेशनों पर जीएसटी दर 18 से घटाकर 5 प्रतिशत की गई है। इनदिनों देशभर में 966,363 इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर हैं। डिजिटाइज्ड वाहन रिकॉर्ड के लिए दिए गए हैं, और आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना तथा लक्षद्वीप के लिए डाटा उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, क्योंकि वे केंद्रीकृत वाहन-4 में नहीं हैं। हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार ने अखिल भारतीय आधार पर 2015 से इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण (हाइब्रिड एवं) स्कीम (फेम इंडिया) आरंभ की। वर्तमान में फेम इंडिया स्कीम के दूसरे चरण को कुल 10,000 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता के साथ पहली अप्रैल,2019 को पांच साल की अवधि के लिए कार्यान्वित हो रहा है। राज्यसभा में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि मोदी सरकार ने देश में बैटरी की कीमतों में कमी लाने के लिए देश में ही एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) के विनिर्माण के उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी है। बैटरी की कीमतों में कमी आने का परिणाम इलेक्ट्रिक वाहनों की लागत में कमी के रूप में आएगा।

# हिजाब विवाद पर योगी बोले- शरीयत नहीं, संविधान से चलेगा देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

देश में हिजाब का मुद्दा फिलहाल गर्म है। हिजाब को लेकर कर्नाटक सरकार की ओर से लिए गए एक फैसले के विरोध में प्रदर्शन जारी है। इस सबके बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिजाब को लेकर बड़ा बयान दिया है। विभिन्न टीवी चैनलों से बातचीत में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश संविधान से चलेगा ना की शरीयत से। उन्होंने कहा कि हर संस्था को अपना ड्रेस कोड तैयार करने का अधिकार है और संविधान के अनुरूप ही व्यवस्थाएं चलेंगी। इसके साथ ही योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश चुनाव के पहले चरण के बाद से ही विपक्ष का चेहरा मुरझा गया है।



योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता कहते हैं हमने विकास किया। मैंने पूछा कोई तो काम बताओ आपने क्या किया। वो कहते हैं हमने कब्रिस्तान की चारदीवारी बना दी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार यातायात सुविधाओं को बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सहारनपुर के देवबंद से रुड़की तक रेल लाइन का निर्माण करा रही है। रेल लाइन बन जाने से आमजन सहारनपुर से रुड़की की यात्रा सुगमतापूर्वक कम समय में कर सकेंगे। भाजपा सरकार ने बेहतर कनेक्टिविटी व औद्योगिक विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर समृद्धि व सुरक्षा का पर्याय बनेगा। इस कॉरिडोर के अंतर्गत बन रहा एशिया का सबसे बड़ा वन्यजीव एलिवेटेड कॉरिडोर जीव-जंतुओं के संरक्षण के नए सोपान गढ़ेगा। योगी ने कहा कि जनता को सुरक्षित परिवेश देने हेतु भाजपा सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में देवबंद सहित प्रदेश के अलग-अलग जगहों पर यूपी एटीएस की 12 नई इकाइयों की स्थापना कर प्रदेश की सुरक्षा को अभेद्य बनाया जा रहा है। हम प्रदेश की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होने देंगे! इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के सुशासन में प्रदेश में शै?क्षणिक गतिविधियों का निरंतर विस्तार हुआ है। अमरोहा के हसनपुर में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय व राजकीय महाविद्यालय का निर्माण प्रदेश की समृद्ध और सशक्त शिक्षा व्यवस्था की कहानी कह रहा है। शिक्षा का प्रकाश चहुंओर फैलाना हमारी सरकार का ध्येय है।

## सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, अल-बद्र के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया

श्रीनगर। कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। कश्मीर पुलिस ने सोपोर के डांगवाची इलाके में तलाशी अभियान के दौरान अल-बद्र के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। इतना ही नहीं सुरक्षाबलों ने उनकी तलाशी ली,तब उनके पास से हथियार व गोलाबारूद भी बरामद किया है। गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि उनके सूत्रों ने सोपोर के डांगवाची गांव में कुछ आतंकवादियों के देखे जाने की सूचना दी।सूचना के आधार पर पुलिस व सुरक्षाबलों के संयुक्त दल में इलाके में पहुंची तलाशी अभियान शुरू कर दिया।अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने अल-बद्र के तीन सक्रिय आतंकवादियों को दबोच लिया। पूछताछ के आधार पर जब उन्होंने तलाशी ली,तब तीनों के पास से हथियार व गोला-बारूद भी बरामद हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर तीनों आतंकवादियां से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आतंकियों की पहचान आमिर वानी निवासी नौपोरा सोपोर, तारिक अहमद भट निवासी हंदवाड़ा और वारिस तांत्रे निवासी रवूचा रफियाबाद के रूप में हुई है। उनके कब्जे से एक एके-47, उसकी मैगजीन, एके के ही तीन राउंड, दो पिस्तौल, पिस्तौल के 37 राउंड, उसकी दो मैगजीन और 2 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। दावा किया जा रहा है, कि पूछताछ के आधार पर आने वाले दिनों में संगठन से जुड़े कई आतंकवादियों व ओवरग्राउंड वर्करों की गिरफ्तारी संभव है। यह भी पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि इन आतंकवादियों को क्या दायित्व सौंपा गया था, जिसके चलते वे इलाके में छिपे हुए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच प्रक्रिय पूरी होने पर इस बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## अमित शाह का कांग्रेस पर हमला, बोले- वह नहीं कर सकती किसी का विकास, उनके पास न इच्छा है और न शक्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)**



उत्तराखंड में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। आज उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का आखिरी दिन है। आज भाजपा के कई दिग्गज नेता चुनाव प्रचार के लिए उत्तराखंड पहुंचे हैं। गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी आज उत्तराखंड में चुनाव प्रचार की और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने वन रैंक-वन पेंशन लागू करके सेना के जवानों के घर में करीब 20 लाख करोड़ रुपये भेजे हैं। इस निर्णय से सबसे ज्यादा फायदा उत्तराखंड के पूर्व सैनिकों को हुआ है। हरदा बताएं कि कांग्रेस की सरकार में क्यों वन रैंक-वन पेंशन का निर्णय नहीं हो पाया? उन्होंने कहा कि जब उत्तरखंड की जनता ने नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया, 5 में से 5 सीटें मोदी जी की झोली में डाल दिया। मोदी जी प्रधानमंत्री बनने के बाद 2015 में वर्षों से चली आ रही वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा किया।

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केदारनाथ आपदा के बाद कांग्रेस की सरकार में कुछ काम नहीं हुए। भाजपा सरकार ने मोदी सरकार ने 400 करोड़ रुपये की लागत से केदारनाथ का पुनर्निमाण कराया। बद्रीनाथ का पुनर्निर्माण का काम 450 करोड़ रुपये से कराया जा रहा है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ धाम, बद्रीनाथ धाम का विकास भाजपा सरकार ने किया है। मोदी जी ने 13 हजार करोड़ रुपये की लागत से चार धाम की फोर लेन ऑल वेदर रोड बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने घोषणा की है कि केदारनाथ से हेमकुंड साहिब के बीच रोपवे से यातायात शुरू होगा। देहरादून से दिल्ली आने में अभी घंटों लगते हैं। भाजपा सरकार आने के बाद एलिवेटेड सड़क से ढाई घंटे में देहरादून से दिल्ली आना-जाना हो सकेगा।

पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड में 16 हजार करोड़ रुपये की लागत से ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना का काम हो रहा है। टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन परियोजना का भी जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी किसी का विकास नहीं कर सकती क्योंकि उनके पास न इच्छा है और न शक्ति है। उत्तराखंड वासियों ने 2014, 2017 और 2019 में मोदी जी की झोली कमल के निशान से भर दिया था, इस बार भी फिर से नरेन्द्र मोदी जी और पुष्कर धामी पर भरोसा करके भाजपा सरकार बनानी है।

## वैक्सीन के क्षेत्र में सुपरपॉवर बनने की ओर बढ़ रहा भारत, 96 प्र. आबादी को दी जा चुकी है पहली खुराक

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि देश में अभी तक कोविड-19 टीके के करीब 172 करोड़ इंजेक्शन लगाए गए हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 96 फीसदी पात्र लोगों ने कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक लग गई है, जबकि 75 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को दो खुराक दी जा चुकी हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ बलराम भार्गव ने पहली खुराक के 96 प्रतिशत राष्ट्रव्यापी कोविड -19 टीकाकरण की सराहना की और कहा कि भारत एक वैक्सीन महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) वैक्सीन भारत में क्लिनिकल ट्रायल के तीसरे चरण में है। इस वैक्सीन के भविष्य में अन्य बीमारियों के इलाज के लिए भी काम आने की उम्मीद है। एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ भार्गव ने कहा, 'भारत एक वैक्सीन महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। आईसीएमआर के महानिदेशक ने कहा कि हमारी आबादी के इतने बड़े हिस्से का टीकाकरण हो चुका है। तीसरी लहर के दौरान मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने की नौबत और मृत्यु दर के मामले में वृद्धि नहीं देखी गई। जिसके पीछे की एक बड़ी वजह 96 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन की पहली खुराक से सुरक्षा प्रदान किया जाना है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक राष्ट्र के रुप में बड़ी ताकत को दशार्ता है। एमआरएनए वैक्सीन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नीति आयोग के सदस्य-स्वास्थ्य डॉ वीके पॉल ने कहा कि हमें एमआरएनए प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है क्योंकि यह नया प्लेटफॉर्म है।

## शिवसेना गोवा में भविष्य के सभी चुनाव लड़ेगी, भाजपा ने पीठ में छुरा घोंपा: आदित्य ठाकरे

**पणजी। (एजेंसी)**

गोवा में चुनाव से पहले शिवसेना अपना दमखम दिखा रही हैं। गोवा ने 12 फरवरी को चुनाव प्रचार थम जाएगा लेकिन उससे पहले सभी पार्टियां लगातार रैलियां करके चुनाव प्रचार कर रही हैं। शिवसेना ने गोवा में पूरी तरह से एक्टिव न होने का ठीकरा प्रचार के दौरान भाजपा पर फोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी की दोस्ती के कारण गोवा पर पूरी तरह से ध्यान नहीं दे सके क्योंकि उन्हें लग रहा था भाजपा अच्छा काम कर रही हैं लेकिन सच्चा अलग थी। गोवा गलत हाथों में हैं। शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ दोस्ती के कारण पहले गोवा पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकी, लेकिन भाजपा द्वारा पीठ में छुरा घोंपे जाने के बाद अब शिवसेना ने पंचायत स्तर से लेकर आम चुनाव तकतटीय राज्य में भविष्य के सभी चुनाव लड़ने का फैसला किया है।



उन्होंने कहा कि गोवा को शिवसेना की जरूरत है क्योंकि केंद्र और राज्य में सत्ता में होने के बावजूद भाजपा सतत विकास में विफल रही है। उल्लेखनीय है कि 2019के महाराष्ट्र चुनाव के बाद शिवसेना भाजपा से अलग हो गई थी और उसने वहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)तथा कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई। शिवसेना 14फरवरी को होने जा रहे गोवा विधानसभा चुनाव में राकांपा के साथ मिलकर लड़ रही है।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने इस बार गोवा में 10 उम्मीदवार उतारे हैं। गोवा के दिवंगत मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर के निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला करने के बाद पार्टी ने पणजी सीट से अपने उम्मीदवार शैलेंद्र वेलिंगकर को वापस ले लिया है। भाजपा के टिकट देने से इनकार करने के बाद उत्पल पर्रिकर ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया। ठाकरे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भाजपा के साथ दोस्ती के कारण शिवसेना ने अतीत में गोवा पर ध्यान केंद्रित नहीं किया था। लेकिन राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए, जिसमें भाजपा ने शिवसेना की पीठ में छुरा घोंपा, हमने गोवा में भविष्य के सभी चुनाव लड़ने का फैसला किया है। हम यहां से पंचायत, विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ेंगे... गोवा को शिवसेना की जरूरत है।

## चीन और पाकिस्तान को मिलेगा करारा जवाब, लेटेस्ट सिग सॉयर 716 असॉल्ट राइफल से लैस हुई भारतीय सेना

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

सीमा मुद्दे को लेकर चीन के साथ चल रहे विवाद के बीच भारतीय सेना ने उत्तरी सिक्किम में तैनात सैनिकों को लेटेस्ट सिग सॉयर असॉल्ट राइफलें और ऑल-टेरेन व्हीकल (एटीवी) उपलब्ध कराए गए हैं। कई सालों तक इंसास राइफल्स की मदद से आतंकियों और दुश्मनों से लड़ने के बाद अब सेना के पास लेटेस्ट सिग सॉयर 716 असॉल्ट राइफल है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी), नियंत्रण रेखा (एलओसी) से ये राइफलें आतंकवाद से प्रभावित कई इलाकों में तैनात जवानों को मुहैया कराई गई हैं। इन राइफलों का इस्तेमाल उज्बेकिस्तान के साथ चल रहे अभ्यास 'डस्टलिक' में भी हो रहा है।



सिग-716 का निर्माण अमेरिकी कंपनी 'सिग सायर' ने किया है। यह कंपनी दुनिया में बेहतरीन राइफल बनाने के लिए जानी जाती है। सिग-716 को एलओसी, एलएसी सहित उग्रवाद विरोधी अभियानों के लिए उपलब्ध कराया गया है। भारतीय सेना आमतौर पर एके-47 का इस्तेमाल करती रही है। इसके अलावा लंबे समय तक इंसास का भी इस्तेमाल किया जाता था। कश्मीर में आतंकी पहले से ही एके-47 का इस्तेमाल कर रहे हैं जिसकी मारक क्षमता 300 मीटर है। इंसास की रेंज 400 मीटर हो सकती है। इसका 5.56 मिमी कैलिबर दुश्मन को घायल कर देगा, जिससे बहुत करीब से गोली मारने पर मौत हो जाएगी। नतीजा यह रहा कि कई गोलियां लगने के बाद भी आतंकवादी लड़ते रहे। तालिबान के खिलाफ अमेरिकी सेना को भी इसी समस्या का सामना करना पड़ा था। इसके बाद एक नए प्रकार की असॉल्ट राइफल का विकास शुरू हुआ। इससे पहले, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, 13 कुमाऊं के एक सैनिक ने उज्बेकिस्तान के साथ डस्टलिक अभ्यास में इस्तेमाल की गई सेना की बिल्कुल नई सिग सॉयर 716 असॉल्ट राइफलों के बारे में बताया था।

सिग सॉयर 716 को 7.62 x 51 मिमी राउंड फायर करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी रेंज 600 मीटर है, जो एके-47 से दोगुनी है, यानी आतंकियों को उनके करीब जाए बिना भी निशाना बनाया जा सकता है। इसमें शॉर्ट-स्ट्रोक पिस्टन-चालित ऑपरेटिंग सिस्टम है, जिसके परिणामस्वरूप ऑपरेटर को कम झटका लगता है, जिसका अर्थ है कि सटीकता बढ़ जाती है। इसमें एम1913 मिलिट्री स्टैण्डर्ड रेल्स भी मिलती हैं जिन पर नाइट विजन डिवाइस, टार्च या मिशन की आवश्यकता के अनुसार कोई अन्य उपकरण लगाया जा सकता है।

# सिख दंगे को लेकर जेपी नड्डा का कांग्रेस पर तंज, कहा- जिनके हाथ खून से रंगे थे, वे वोट मांगने आ रहे हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)**


भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज पंजाब में है। पंजाब में उन्होंने चुनावी सभा किया अपने चुनावी सभा में जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। जेपी नड्डा ने कहा कि पंजाब की धरती वीरों की धरती है, धार्मिक गुरुओं की धरती है, पुण्यभूमि है। देश की आजादी से लेकर, देश की सुरक्षा के लिए पंजाब के वीरों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ये शहीद भगत सिंह जी की भूमि है। मैं ऐसी भूमि को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि पंजाब के बारे में, सिख भाइयों के बारे में सभी लोगों ने बड़ी-बड़ी बातें की। लेकिन आज तक किसी ने सिख भाइयों के लिए, किसानों के लिए वो सब नहीं किया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

नड्डा ने कहा कि गुरुद्वारों में पहुंचने वाले लंगर के सामान पर पहले की सरकारों में टैक्स लगता था। मोदी जी ने सभी गुरुद्वारों को लंगर के लिए टैक्स फ्री कर दिया। करतारपुर साहिब कॉरिडोर के लिए वर्षों से मांग हो रही थी। कितने ही नेता आए जो पंजाब की और देश की गद्दी पर बैठे, लेकिन किसी ने कुछ नहीं किया। मोदी जी ने 120 करोड़ रुपये की लागत से करतारपुर कॉरिडोर बनाकर लाखों श्रद्धालुओं के गुरुद्वारे तक जाने की व्यवस्था की है। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि 1984 में दिल्ली में दंगे हुए। कांग्रेस पार्टी के नेता तब कहते थे कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। अब ये आपके सामने वोट मांगने आए हैं।

नड्डा ने कहा कि ये वो लोग थे, जिन्होंने दंगों में अपने हाथ खून से रंगे थे, ये वो कांग्रेसी थे, जिन्होंने मानवता को शर्मशार किया था। ये वो कांग्रेसी थे जिन्होंने आजाद भारत में ऐसी स्थिति ला दी जिसमें भाई-भाई को मारने लगा था। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पंजाब में 2014 में 18 लाख स्कॉलरशिप थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इन्हें बढ़ाकर 31 लाख कर दिया है। करीब 1517 नए स्कूल बने हैं। भारत सरकार ने 2014 के बाद 6 नवोदय विद्यालय खोले गए हैं। 14 स्पोर्ट्स सेंटर बने हैं। हमारे गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादे जिन्होंने कभी झुकना नहीं सीखा, उन्होंने धर्म की लड़ाई लड़ते-लड़ते अपना बलिदान दिया था। मोदी जी ने 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' जो सारे देश में मनेगा इसकी घोषणा की।

### गिरिराज सिंह का अखिलेश पर हमला, यूपी में नहीं लौटेंगी गुंडागर्दी की सरकार

लखनऊ । यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज है।इस बीच शनिवार को दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार भी थम जाएगा।वहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अखिलेश यादव पर पलटवार कर कहा कि उनका चेहरा बता रहा है,कि अब गुंडागर्दी की सरकार उत्तर प्रदेश में लौटकर नहीं आएगी। चाहे वे कितने भी कट्टरपंथियों को जोड़ने की कोशिश कर ले। अखिलेश कितना भी हिजाब का आंदोलन चला ले। साथ ही उन्होंने कहा कि वे(अखिलेश यादव) आजम खान, अतीक अहमद को प्रगतिशील कह रहे हैं। अगर ये लोग प्रगतिशील है,तब उत्तर प्रदेश की जनता भी इन्हें प्रगति के रास्ते पर बाहर भेज देगी। इसके साथ ही हिजाब भी बात पर गिरिराज सिंह ने समान नागरिक संहिता वक्त की जरूरत बताकर कहा कि इस पर समाज और संसद दोनों में चर्चा होनी चाहिए। गिरिराज सिंह ने हिजाब पहनने को लेकर हो रहे विवाद को ह्यह्यदेश के माहौल को खराब करने के उद्देश्य से परेशान करने वाला चलन करार दिया। उन्होंने कहा कि कुछ वोट के सौदागर हैं, जो अपने राजनीतिक फायदे के लिए स्कूलों में हिजाब पहनने जैसी अतार्किक मांग का समर्थन कर रहे हैं।इसतरह के लोग वोटों के लिए निर्दोष बच्चियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। मेरा मानना है कि समान नागरिक संहिता वक्त की जरूरत है और इसके बारे में सड़क से लेकर संसद तक चर्चा की जानी चाहिए। उधर लखीमपुर हिंसा के आरोपी आशीष मिश्रा को जमानत मिलने पर भाजपा पर निशाना साधकर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश ने कहा कि छात्रों के लिए विश्वविद्यालय बनाने वाले आजम खान झूठे मुकदमों के कारण जेल में हैं, लेकिन किसानों को जीप से कुचलने वाला जेल से बाहर है,यहीं भाजपा का न्यू इंडिया है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को जिस तरह से पहले चरण का मतदान हुआ उससे कल शाम को ही परिणाम आ गए और इस बार भाजपा की हवा खराब है, उसका सफाया होने जा रहा है। रामपुर में दूसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए सपा के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा कर अखिलेश यादव ने कहा कि अब्दुल्ला आजम (आजम खान के बेटे) को दो साल तक झूठे मुकदमों के कारण जेल में रहना पड़ा। आजम खान को भी झूठे मुकदमों में जेल भेज दिया गया और उन पर भैंस चोरी, मुर्गी चोरी, किताब चोरी के मुकदमे लगाए गए।



# इकबाल खान के घर फिर गूंजी किलकारी

## खुशी में बोले- मैं फिर डायपर बदलने को हूं तैयार

इकबाल खान और उनकी पत्नि स्नेहा दूसरी बार पेरेंट्स बन चुके हैं। सबअर्बन नर्सिंग होम में स्नेहा ने 11 फरवरी की सुबह बच्ची को जन्म दिया है। यह इनका दूसरा बच्चा है। पहले इनकी 10 साल की एक बेटी थी, जिसका नाम अम्मारा है। अब इन्होंने दूसरी का नाम इफ्जा रखा है। इसके बारे में खुद ऐक्टर ने बताया है। इकबाल ने कहा, %स्नेहा ने बच्ची का नाम इफ्जा रखा है, जिसका मतलब गार्जियन एंजल है। हम धन्य हैं। मेरी बड़ी बेटी अमारा हमेशे से एक बहन चाहती थी और वह बहुत खुश है। स्नेहा और इफ्जा दोनों ठीक हैं।

बकता दें कि इकलाब का जन्मदिन 10 फरवरी को होता है और 11 फरवरी को उनकी बेटी का इस दुनिया में आना उनके लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। वह कहते हैं, मेरी बेटी ने एक दिन बाद पैदा होने का सोचा, जिससे हम अगले साल बैक-टू-बैक दो सेलिब्रेशन कर सकें।% उन्होंने आगे कहा कि वह एक बार पिता की जिम्मेदारी उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उनका कहना है, मैं वो पिता बनने के लिए तैयार हूं, जो बच्चों की लंगोट बांधते हैं। बीच रात में उठने पर उनको लोरी गाकर सुलाते हैं। अम्मारा के जन्म के समय भी मैं यही सब करता था। उसके आने के बाद मैं काफी बदल गया था। मैं पहली बार पिता बना था। और अब इफ्जा के बाद भी मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत समझ रहा हूं।

उनका कहना है, मैं अपने बच्चों को पूरा प्यार देना चाहता हूं और उन्हें सही चीजें करना सिखाना चाहता हूं। उन्हें अच्छा इंसान बनाना चाहता हूं। मैं और स्नेहा बहुत खुश हैं और अम्मारा और इफ्जा के साथ आगे की लाइफ जीने के लिए भी तैयार हैं।

बता दें कि इकबाल को आपने अभी कलर्स पर आने वाले शो %नीमा डेन्जोंगपा में देखा था। इसके पहले भी वह कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुके हैं।

# वेलेंटाइन डे स्पेशल

## रील लाइफ से रियल लाइफ तक कुछ ऐसी है इन सितारों की लव स्टोरी

फिल्मी कहानियों की तरह ही बॉलीवुड में कई ऐसी हस्तियां है, जिनकी प्रेम कहानी न सिर्फ रील लाइफ में, बल्कि रियल लाइफ में भी कामयाब हुई।

अमिताभ बच्चन-जया बच्चनः अमिताभ और जया की पहली मुलाकात फिल्म गुड्डी के सेट पर हुई थी।



जया को देखते ही अमिताभ उनपर फिदा हो गए। फिल्म के सेट पर वह जया को छुप-छुप कर देखते थे, जिसकी शिकायत जया ने निर्देशक से कर दी। बाद में इस फिल्म से अमिताभ को हटा दिया गया। इसके बाद जया के मन में अमिताभ के लिए सहानुभूति जग गई। इस घटना के बाद दोनों में दोस्ती हो गई। यह दोस्ती फिल्म जंजीर के सेट पर प्यार में बदली। यह फिल्म सुपरहिट हुई। फिल्म के हिट होने का जश्न मानाने अमिताभ और जया विदेश जाना चाहते थे,लेकिन जब हरिवंश राय बच्चन को यह पता लगा तो उन्होंने अमिताभ से साफ शब्दों में कह दिया की अगर जया को विदेश ले जाना चाहते हो तो उससे पहले तुम्हें शादी करनी पड़ेगी। इसके बाद दोनों ने शादी कर ली।

अजय देवगन-काजोलःअजय देवगन और काजोल की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। दोनों की मुलाकात फिल्म हलचल के सेट पर हुई। इसके बाद दोनों ने फिल्म गुंडाराज में काम किया,जहां दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई। विपरीत स्वभाव के होने के बावजूद दोनों में प्यार पनपा। दुनिया से अपने प्यार को छुपाते हुए दोनों ने फिल्म प्यार तो होना ही था के सेट मोहब्बत का इजहार किया और साल 1999 में दोनों ने करीबी रिश्तेदारों की मौजूदगी में शादी कर ली।

अभिषेक बच्चन-ऐश्वर्या रॉयः अभिषेक और ऐश्वर्या की पहली मुलाकात फिल्म ढाई अक्षर प्रेम के सेट पर हुई। इसके बाद दोनों ने कुछ न कहो में काम किया। इस दौरान दोनों में दोस्ती हो गई। इसके बाद अभिषेक को साल 2005 में आई फिल्म बंटी और बबली के गाने कजरा रे में ऐश्वर्या के साथ फिर से अभिनय करने का मौका मिला। जिसके बाद दोनों की नजदीकियां बढ़ीं और प्यार हो गया। यह प्यार साल 2006 में आई फिल्म उमराव जान की शूटिंग के समय परवान चढ़ा। इसके बाद दोनों ने फिल्म धूम 2 और गुरु में साथ में अभिनय किया और इस दौरान दोनों ने शादी का फैसला लिया। अभिषेक और ऐश्वर्या ने 20 अप्रैल, 2007 को परिवार की सहमति से शादी कर ली।

रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोणः रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की पहली मुलाकात फिल्म गोलियों की रासलीला रामलीला के सेट पर हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों के बीच प्यार की शुरुआत हुई। इसके बाद दोनों का प्यार फिल्म बाजीराव-मस्तानी के सेट पर परवान चढ़ा। दोनों ने फिल्म फाइंडिंग फैनी और पद्मावत में साथ में अभिनय किया और लगभग 6 साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद साल 2018 में शादी कर ली।






# दीपिका पादुकोण की फिल्म 'गहराइयां' पर कंगना रनौत का तंज

ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज दीपिका पादुकोण , सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या पांडे और धैर्य कारवा की फिल्म को मिला जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है।

11 फरवरी को ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई इस फिल्म में लव ट्रायंगल है। फिल्म में दीपिका पादुकोण के किरदार अलीशा को अपनी चचेरी बहन टिया (अनन्या पांडे) के बॉयफ्रेंड से प्यार हो जाता है। उनका सीक्रेट अफेयर तब तक जारी रहता है जब तक कि चीजें बहुत सामने नहीं आ जातीं।

इसके साथ ही फिल्म में कई इंटीमेट सीन हैं। अब इस फिल्म को लेकर बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत ने तंज कंसा है। कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा-%मैं भी मिलेनियल हूं लकिन मैं इस तरह का रोमांस समझती हूं। अब जो मिलेनियल या नए वर्ग या मॉडर्न होने के नाम पर परोसा जा रहा है, प्लीज ऐसा न करें। बुरी फिल्म तो बुरी ही होती है। आप चाहे जितना भी अंग प्रदर्शन कर लो या फिर पोर्नोग्राफी दिखा लो, लेकिन इसके नाम पर फिल्म को नहीं बचाया जा सकता है। और ये फैक्ट है कि कोई गहराइयां वाली बात नहीं है। सोशल मीडिया पर कंगना की यह पोस्ट वायरल हो रही है। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत अपने बेबाक बयानों के कारण काफी मशहूर हैं। कंगना रनौत इन दिनों अपने शो लॉक-अप को लेकर काफी चर्चा में है।

# सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस के सेट पर लगी आग, फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर



सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस' के सेट पर आग लगने जानकारी आयी है, बताया जा रहा है कि बिग बॉस के सेट पर आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। बिग बॉस सेट के किस हिस्से में आग लगी थी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। अब तक किसी भी तरह के हताहत की जानकारी भी सामने नहीं आई है। फायर ब्रिगेड आग पर काबू पाने की कोशिश में हैं।

सलमान खान के शो बिग बॉस के 15वें सीजन का फिनाले कुछ समय पहले ही हुआ है, इस फिनाले का ग्रैंड प्रीमियर आयोजित किया गया था, जिसमें बिग बॉस 15 के सभी कंटेस्टेंट शामिल हुए थे। बिग बॉस के सेट्स पर आग लगने के बाद काफी हलचल मची हुई है, मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाने का काम शुरू कर दिया हैं। सेट्स से वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें फायर ब्रिगेड के अधिकारियों को देखा जा सकता है।

बिग बॉस 15 की बात करें तो इसमें करण कुंद्रा, सिम्बा नागपाल, निशांत भट्ट, शमिता शेट्टी, रश्मि देसाई और तेजस्वी प्रकाश जैसे सेलेब्स ने हिस्सा लिया था। शो में तीन महीनों से ज्यादा का समय बिताने के बाद तेजस्वी प्रकाश ने बिग बॉस की ट्रॉफी को अपने नाम किया था।

# सलमान ने लता मंगेश्कर की याद में लग जा गले गाना गाया

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने लता मंगेशकर की याद में लग जा गले गाना गाया है। लता मंगेशकर के निधन के बाद उनके प्रशंसक उनकी यादों को ताजा करने के लिए सोशल मीडिया पर उनसे जुड़ी पोस्ट शेयर कर रहे हैं। सलमान खान ने लता मंगेशकर को याद किया है। सलमान खान ने उनका गाना गाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह लता मंगेशकर का गाना लग जा गले गाते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ सलमान खान ने लिखा है, लता जी ना तो कोई आपके जैसा था और ना ही कभी कोई होगा।



इससे पहले सलमान खान ने लता मंगेशकर के निधन वाले दिन अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने लता मंगेशकर के साथ की अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की थी। सलमान खान ने इस तस्वीर के साथ लिखा था, आप बहुत याद आओगी हमारी नाइटिंगेल। लेकिन आपकी आवाज हमेशा हम लोगों के साथ रहेगी। रेस्ट इन पीस लता जी।

# माधुरी दीक्षित ने पति के जन्मदिन पर लिखा रोमांटिक नोट

बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा करते हुए पति डॉक्टर श्रीराम नेने को जन्मदिन की बधाई दी है। माधुरी ने ट्वीट किया-%मेरे पति, मेरे दोस्त, मेरे आत्मविश्वास, मेरे दिल और दुनिया के सबसे अच्छे पिता को जन्मदिन की बधाई!% माधुरी के जरिये फैंस एवं सेलिब्रिटी प्रतिक्रिया देते हुए श्रीराम नेने को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। नब्बे के दशक में अपने शानदार अभिनय से बड़े पर्दे पर राज करने वाली मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने 17 अक्टूबर, 1999 को अमेरिकी मूल के डॉक्टर श्री राम नेने से शादी थी। माधुरी और श्रीराम नेने के दो बेटे रयान और अरिन हैं। अमेरिका में 12 साल बिताने के बाद माधुरी अपने पूरे परिवार के साथ साल 2011 में वापस मुंबई आ गईं। लाखों दिलों पर राज करने वाली माधुरी शादी के बाद वह खुशहाल जीवन गुजार रही हैं।



माधुरी ने बॉलीवुड की कई फिल्मों में शानदार अभिनय किया है। वह आखिरी बार साल 2019 में रिलीज हुई मल्टीस्टारर फिल्म कलंक में नजर आईं थी। इसके अलावा माधुरी ने कई रियलिटी शो में जज की भूमिका भी निभाई। वहीं अब माधुरी दीक्षित जल्द ही नेटफ्लिक्स की सीरीज द गेम फेम से डिजिटल डेब्यू करने की तैयारी में हैं।


# तमिल वेब सीरीज विलंगु का दूसरा ट्रेलर रिलीज



नर्देशक प्रशांत पांडियाराज की विलंगु के निमार्ताओं ने तमिल वेब श्रृंखला का दूसरा ट्रेलर जारी किया है, जबकि पहले को यूट्यूब पर दो मिलियन से अधिक बार देखा गया था। श्रृंखला 18 फरवरी से जी5 पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सात-एपिसोड की वेब श्रृंखला में अभिनेत्री इनिया, मुनीशकांत, बाला सरवनन, आरएनआर मनोहर और रेशमा भी होंगी। त्रिची में पुलिस स्टेशन की पृष्ठभूमि के खिलाफ सेट, कहानी साधारण पुलिस वाले के जीवन पर प्रकाश डालती है और उनके मानवीय पक्ष का भी पता लगाती है। एस्केप आर्टिस्ट्स के मदन द्वारा निर्मित, विलंगु का संगीत अजेश ने दिया है और संपादन गणेश ने किया है। छायांकन दिनेश पुरुषोत्तमन द्वारा किया गया है।

# सिंघम 3

## में काम करेंगे अजय देवगन!



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म सिंघम फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म में नजर आ सकते हैं। अजय देवगन ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने एक गेम के सवालों का जवाब देते हुए संकेत दिया है कि वह जल्द ही सिंघम फ्रैचाइजी की तीसरी फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस वीडियो में अजय देवगन से कई सवाल किए जा रहे हैं। गेम की शुरुआत में अजय देगवन से पूछा जाता है कि वह सुपरहीरो या सुपर विलेन का किरदार निभाने पसंद करेंगे, जिस पर अजय कहते है कि वह सुपर विलेन का किरदार निभाना पसंद करेंगे। इसके बाद अजय से पूछा जाता है कि वह क्या आप किसी फिल्म का रीमेक बनाना चाहेंगे या सीक्वल पर काम करना चाहेंगे। इस सवाल का जवाब देते हुए अजय देवगन कहते हैं कि वह सीक्वल पर काम करने चाहेंगे। जिसके बाद वीडियो में सिंघम का टाइटल सॉन्ग सुनाई देता है।

इस वीडियो के सोशल मीडिया पर आने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि अजय देवगन जल्द ही सिंघम फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म में नजर आ सकते हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2011 में प्रदर्शित सिंघम फ्रैचाइजी की पहली फिल्म सिंघम में अजय देवगन ने एक पुलिस अधिकारी बाजीराव सिंघम का मुख्य किरदार निभाया था। वहीं, वर्ष 2014 में सिंघम की सीक्वल सिंघम रिटर्न्स रिलीज हुई थी।



# माधुरी दीक्षित

## के पति श्रीराम ने जमकर लगाए ठुमके, फराह खान बोलीं- सीरियस कॉम्पिटीशन मिल रहा है

बॉलिवुड की सबसे पॉप्युलर ऐक्ट्रेसेस में से एक रहीं माधुरी दीक्षित भले ही अब फिल्मों में ज्यादा ऐक्टिव नहीं हैं लेकिन हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं। माधुरी दीक्षित अक्सर टीवी पर दिखाई देती हैं और सोशल मीडिया पर भी खूब ऐक्टिव रहती हैं। अब सोशल मीडिया पर माधुरी और उनके पति श्रीराम नेने का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में श्रीराम नेने और माधुरी बद्रीनाथ की दुलहनिया के गाने तम्मा तम्मा अगेन पर झूमकर नाचते नजर आ रहे हैं।

इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहे इस वीडियो को माधुरी के फैन्स खूब पसंद और शेयर कर रहे हैं। यह वीडियो श्रीराम नेने की शनिवार को हुई बर्थडे पार्टी का बताया जा रहा है। डायरेक्टर और कोरियॉग्रफर फराह खान ने इस वीडियो को पसंद करते हुए कॉमेंट किया, हैपी बर्थडे राम। आप माधुरी दीक्षित को सीरियस कॉम्पिटीशन दे रहे हैं।

बता दें कि माधुरी दीक्षित और श्रीराम नेने ने 1999 में शादी की थी। श्रीराम पेशे से डॉक्टर हैं और यूएस में रहते थे। शादी के बाद माधुरी भी ऐक्टिंग छोड़ यूएस में रहने लगी थीं। हालांकि अब माधुरी और श्रीराम अपने बच्चों के साथ भारत में सैटल हो गए हैं। माधुरी ने साल 2007 में फिल्म आजा नचले से बॉलिवुड में वापसी की थी। इसके बाद वह गुलाब गैंग, ये जवानी है दीवानी, कलंक और टोटल धमाल जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

# कांग्रेस खत्म होने की कगार पर : अदिति सिंह



लखनऊ।। सोशल मीडिया पर सदर विधायक का अमर्यादित पोस्टर वायरल करने का मामला तूल पकड़ रहा है। खुद विधायक ने सामने आकर कांग्रेस और संबंधित मीडिया संस्थान को आड़े हाथों लिया। साथ ही कानूनी कार्रवाई करने की भी बात कही। विधायक अदिति सिंह सदर सीट से भाजपा की उम्मीदवार हैं। एक फिल्मी पोस्टर को एडिट करके उसमें अदिति की फोट लगाकर अभद्र टिप्पणी की गई। मीडिया संस्थान ने इसे सोशल मीडिया पर साझा भी किया। पोस्टर वायरल होते ही अदिति के पक्ष में लोग लामबंद होने लगे और इस कृत्य की निंदा करने लगे। रविवार को अदिति ने प्रेस वार्ता की और कहा कि इस तरह की ओछी राजनीति कांग्रेस को नहीं करनी चाहिए। मैं मीडिया संस्थान पर कार्रवाई करुंगी। सोशल मीडिया से पोस्ट डिलीट करने से क्या होता है। जिन्होंने ये कृत्य किया है, वे जनता में माफी मांगें। कांग्रेस पर हमलावर अदिति बोलीं, विनाश काले विपरीत बुद्धि। दूसरों को नुकसान पहुंचाने के चक्कर में कांग्रेस अपना नुकसान कर रही है। किसी भी महिला के लिए गंदी विचारधारा का प्रकाशन करना कहां की नैतिकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था है। जनता के बीच साफ सुथरे तरीके से अपने विचार रखने चाहिए। कंग्रेस पार्टी खत्म होने की कगार पर पहुंच चुकी है। विरोधी जान रहे हैं कि यूपी में सारी सीटें हार रहे हैं। प्रियंका वाड्रा गांधी पर निशाना साधते हुए वह बोलीं कि लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देने वाले इस तरह लड़कियों को बदनाम करके लड़ेंगे। शर्मिंदा करके लड़ेंगे। अगर करनी है तो विचारों की राजनीति करिए। राजैनतिक स्तर न गिराइए। मीडिया हाउस और कांग्रेस को ऐसा नहीं करना चाहिए। मैं लीगल एक्शन लूंगी। चुनाव आयोग से शिकायत भी करुंगी। ऐसी हरकत हमारे समाज और संस्कृति के खिलाफ हैं।

## मुंगराबादशाहपुर विधानसभा में नहीं घोषित हो सके सभी दलों के उम्मीदवार

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में सपा-बसपा सहित कई दलों ने अभी उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं, जबकि नामांकन शुरू हो चुका है।उम्मीदवारी को लेकर आवेदकों की सांसें अटकी हुई हैं।आवेदक कार्यालयों का चक्कर काट रहे हैं। वहीं क्षेत्र में दिनभर अफवाहों का दौर चलता रहता है कि इनको टिकट मिला तो इनका टिकट कट रहा है। मुंगराबादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र का एक रिकार्ड भी है कि यहां 24 घंटे में प्रत्याशी बदल दिए गए थे। जिसके कारण आवेदकों की सांसें अटकी हुई हैं और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। यह विधानसभा क्षेत्र पूर्वांचल का प्रवेश द्वार कहा जाता है। यहीं अवध की सीमा समाप्त होती है और पूर्वांचल आरंभ होता है। 2012 में सृजित इस विधानसभा में कुल 385 गांव शामिल हैं।जिनमें मुंगरा व सुजानगंज विकास खंड क्षेत्र संपूर्ण तथा मछलीशहर आंशिक शामिल है। ब्राह्मण बाहुल्य इस विधानसभा क्षेत्र में पटेल, यादव, वैश्य व अनुसूचित जाति के मतदाता भी भारी संख्या में है। मुस्लिम व अन्य पिछड़ी जाति के मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं।इस बार 385480 मतदाता क्षेत्र के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

नामांकन आरंभ हो चुका है, लेकिन सपा व बसपा ने यहां अभी अपने उम्मीदवार नहीं घोषित किया है। भाजपा ने अजय शंकर दुबे व कांग्रेस ने डाक्टर प्रमोद सिंह को उम्मीदवार घोषित कर मैदान में उतार दिया है। सपा-बसपा की उम्मीदवारी को लेकर आवेदकों की सांसें अटकी हुई है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव पर गौर करें तो यह सीट कांग्रेस के पक्ष में गई थी।

## दतली कांड का सरगना चुनाव में खपत के लिए बना रहा था अवैध शराब, लखनऊ

कुलदीप त्यागी



लखनऊ। राजधानी के बहुचर्चित दलती कांड का आरोपी राजेश उर्फ सोनू साथियों के साथ फिर अवैध शराब बनाने का बड़े स्तर पर कारोबार कर रहा था। गिरोह के लोग स्प्रिट, यूरिया और अन्य रासायनिक वस्तुओं से निर्मित अवैध शराब की खेप विधानसभा चुनाव में खपत करने की तैयारी में थे। कृष्णानगर पुलिस ने राजेश को तीन अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने उनके पास से शराब बनाने में प्रयुक्त 34000 लीटर स्प्रिट से भरे टैंकर व अन्य माल समेत करीब 23 लाख रुपये कीमत का माल बरामद किया है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित राजेश अनौरा सरोजनीनगर का रहने वाला है। वहीं, उसके अन्य साथियों में मलिहाबाद सन्यासीबाग का विनय कुमार, घैला आइआइएम रोड का अजय श्याम और बेगमखेड़ा काकोरी का रहने वाला अंकित यादव है। डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तारी की टीम में शामिल इंस्पेक्टर कृष्णानगर आलोक कुमार राय व अन्य के उत्सावर्धन के लिए 15 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। राजेश दलती कांड का आरोपी है। कई साल पहले वहां पर जहरीली शराब से 30 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। चुनाव में खपत करने के लिए बना रहे थे शराबः एडीसीपी मध्य राघवेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि गिरोह के लोग चुनाव में खपत के लिए शराब बना रहे थे। चारों को सदरौना अंडर पास के पास से गिरफ्तार किया गया है। यह लोग एक मकान में अवैध रूप से शराब बनाने का काम करते थे। यह लोग पिपिया और बोतलों में इसकी बिक्री ग्रामीणों और बच्चों के माध्यम से करते थे। स्प्रिट और यूरिया में रंग मिलाकर शराब बनाते थे।

लखीमपुर से आता था स्प्रिट का टैंकरः इंस्पेक्टर कृष्णानगर आलोक कुमार राय ने बताया कि टैंकर चालक लखीमपुर से स्प्रिट लेकर आ रहा था। वह कानपुर की ओर जा रहा है। राजेश की टैंकर चालक से बात होती थी। वही चालक से बात करके स्प्रिट निकलवाता था। इसके बाद उससे शराब बनवाता था। चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## लखनऊ को जाम से छुटकारा दिलाने को बिछेगा फ्लाइओवर का जाल, चुनाव बाद शुरू होगा काम

विशाल



लखनऊ । कुछ सप्ताह इंतजार करिए, फिर शहर में एक बार फिर फ्लाइओवर का काम तेज गति से शुरू कर दिया जाएगा। इसका खाका संबंधित विभागों ने तैयार कर लिया है। जनवरी 2022 के पहले सप्ताह में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा कई फ्लाइओवर की सौगात दी गई थी। इसी क्रम में यह काम शुरू किया जाएगा। आने वाले कुछ सालों में जाम से राजधानी के लोगों को करीब करीब निजात मिल जाएगी और सफर में लगने वाला समय भी बचेगा। जिन फ्लाइओवरों का काम शुरू होने जा रहा है, उनमें मड़ियांव से आइआइएम क्रासिंग, खुर्रमनगर से इंदिरा नगर सेक्टर 25 के फ्लाइओवर के कार्यों का शुभारंभ, मुंशी पुलिया से पालीटेक्निक तक एलीवेटेड फ्लाइओवर का काम है। इसके अलावा राजधानी को अवध चौराहे पर अंडर पास, समता मूलक चौराहे पर फ्लाइओवर, गोसाईगंज से बनी के गीच स्टेट हाइवे 136 को लेकर सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी द्वारा एक बार फिर प्रयास किया जाएगा, कि आगामी प्रोजेक्ट में इसे शामिल किया जा सके। दिवाकर त्रिपाठी के मुताबिक, मुंशी पुलिया से पालीटेक्निक से पहले तक बनने वाले फ्लाइओवर की लंबाई करीब 1.868 किमी. है। इस फ्लाइओवर पर 1.4 किमी. तक चार लेन रहेगा और लागत करीब 170.60 करोड़ आएगी। इस फ्लाइओवर के निर्माण में 35-35 मीटर के 32 स्पैन रखे जाएंगे।

यहां सर्विस रोड के साथ ही जंक्शन का भी काम होगा। खुर्रम नगर चौराहे से इंदिरा नगर सेक्टर 25 तक फ्लाइओवर करीब 1.8 किमी. लंबा होगा। इस फ्लाइओवर को कल्याणपुर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखने की तैयारी है। इस प्रोजेक्ट पर 140 करोड़ रुपये लागत आएगी। मडियांव से आइआइएम क्रासिंग के आगे तक फ्लाइओवर बनेगा, इसकी लंबाई 1.94 किमी. होगी और लागत 140 करोड़ रुपये करीब आएगी। उन्होंने बताया कि इन फ्लाइओवर के बन जाने से जाम से मुक्ति मिल जाएगी और आने वाले कई दशक तक लोगों को जाम जैसी मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## लखनऊ के अंबेडकर युनिवर्सिटी में प्रोफ़ेसर और उपकुलसचिव का विवाद गहराया

संवाददाता



लखनऊ । बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के वित्त विभाग कार्यालय में हुई मारपीट के बाद उप कुलसचिव वित्त अशीष रस्तोगी ने प्रोफ़ेसर कमान सिंह के खिलाफ जान से मारने की धमकी समेत मारपीट की धाराओं में शुक्रवार को आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को प्रोफ़ेसर कमान सिंह ने भी जान से मारने की धमकी समेत मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज करा कर मामले को पेंचीदा बना दिया है। वहीं सोमवार को विश्वविद्यालय की बनी विभागीय जांच समिति जांच शुरू करेगी। शनिवार और रविवार को अवकाश के चलते यह निर्णय लिया गया। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय शुक्रवार को वरिष्ठ प्रोफ़ेसर और उप कुल सचिव के बीच जमकर मारपीट हुई थी। दोनो का ही गंभीर चोटें आईं हैं। वित्त अधिकारी कार्यालय में हुई घटना के बाद से पूरे परिसर में हड़कंप मच गया है। प्रो. कमान सिंह अपने कुछ बिलों का भुगतान नहीं होने की बात कह रहे थे और बिल करीब दो वर्ष पुराने होने के कारण उप कुलसचिव ने भुगतान पर असमर्थता जताई। इसी बीच कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। वहां पर मौजूद लोग जब तक समझ पाते तब तक दोनों ही को गंभीर चोट पहुंच चुकी थी। हालांकि उपकुल सचिव का कहना है कि प्रो. कमान सिंह ने अचानक हमला कर दिया। इसमें उनकी आंख व शरीर के अन्य अंगों पर चोट पहुंची है। वहीं प्रो. कमान सिंह का कहना है कि उप कुलसचिव ने ही उन पर हमला किया है। उन्हें सर से लेकर पैर तक काफी अंदरूनी चोट आई है। हालांकि बंद कमरे में क्या हुआ सही सही कोई नहीं बता पा रहा है। विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डा.रचना गंगवार ने बताया कि इस पूरे मामले को विश्वविद्यालय प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। पूरे मामले पर विभागीय जांच के लिए कमेटी बना दी गई है।

## डा. संजय सिंह ने कई बड़े नेताओं को कराया भाजपा में शामिल

राधा गुप्ता



लखनऊ।। यूपी की सबसे हॉट सीटों में शुमार अमेठी विधानसभा 186 पर सिर्फ यूपी की ही नहीं, बल्कि पूरे देश की नजरें टिकी हुई हैं। भाजपा ने इस सीट पर जहां कभी इंदिरा, राजीव, सोनिया और राहुल गांधी के करीबी रहे सबसे कद्दावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. संजय सिंह को मैदान में उतारा है। तो वहीं सपा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति की पत्नी महाराजी को टिकट दिया है। कंग्रेस ने आखिरी वक्त में भाजपा नेता आशीष शुक्ला को पार्टी में शामिल कराकर उन्हें अपना प्रत्याशी बना दिया। इससे अमेठी की जंग बड़ी दिलचस्प हो चली है। अमेठी में मतदान होने में अभी करीब दो हफ्ते का वक्त है। मतदान से पहले ही भाजपा प्रत्याशी डा. संजय सिंह ने सपा के कई बड़े नेताओं को भाजपा में शामिल करवाकर अखिलेश यादव की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया है। चुनाव से पहले ही इससे सपा के खेमें खलबली मच गई है। शनिवार को डा. संजय सिंह ने समाजवादी पार्टी अमेठी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह को अपने 76 समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इसके बाद धीरेंद्र सिंह ने कहाकि अमेठी की हवा बदल गई है। अब डॉ0 संजय सिंह का विधानसभा पहुंचना तंय है। उन्होंने कहा कि आज हमारे साथ दर्जनों प्रधान और बीडीसी डॉ0 संजय सिंह को समर्थन कर रहे हैं। इसी तरह भादर ब्लाक सपा नेता व सपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र प्रताप सिंह के साथ कुल 22 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। इसमें कई प्रधान और बीडीसी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विरोधी पस्त हैं और 84 की राजनीति फिर से शुरू हुई है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव, भारतीय किसान यूनियन भानू ने अपने तीन अन्य पदाधिकारियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया और कहा कि हम लोग किसानों के साथ मिलकर डॉ0 संजय सिंह के हाथों को मजबूत करने का कार्य करेंगे। सपा के कुनबे में बड़ी सेंध लगाने के बाद डॉ0 संजय सिंह ने अखिलेश की उम्मीदों को तगड़ा झटका दिया है। इससे अमेठी की हवा बदलने लगी है। डा. सिंह ने सपा नेताओं को भाजपा में शामिल कराने के बाद कहा कि ..कल हम न हों कल तुम न हो,पर दिल को इतना भान रहे, बस एक अमेठी जीती रहे, इस माटी का अभिमान रहे। उस स्वाभिमान की कीमत फिर चाहे ये मेरी जान रहे, जब तक सीने में सांस चले, इस माटी का अभिमान रहे, बस अमेठी का अभिमान रहे। उनकी यह बातें सुनकर पूरी सभा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। एक नई उमंग और जोश के साथ भाजपा कार्यकर्तदाओं ने डॉ0 संजय सिंह समेत मोदी, योगी और स्मृति ईरानी जिंदाबाद के नारे लगाए। सदस्यता अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि, डॉ0 संजय सिंह और उनकी पत्नी व पूर्व मंत्री डॉ0 अमीता सिंह इत्यादि उपस्थित रहे। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदित्य यादव, शिव कुमार पाण्डेय, शेखर पाण्डेय, निहाल चंद्र कोरी, विजय शंकर विश्वकर्मा, मनोज गुप्ता, श्रवण कुमार शर्मा, सालिक यादव, बजरंगी वर्मा, कपिल दूबे, भोले सरोज, संजय मिश्रा, सूर्य भान तिवारी, मुन्ना खान, श्यामलाल मौर्य, जुबैर अहमद, आदि शामिल रहे। भाजपा प्रत्याशी व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ0 संजय सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो अपनी मातृभूमि की सेवा करता है उसी का जीवन सार्थक होता है। जब जमींदारी गई तो महाराज ददन साहब ने कहा कि जमींदारी गई लेकिन जिम्मेदारी नहीं गई।

# लखनऊ के अंबेडकर विश्वविद्यालय में कर्मचारियों को पांच महीने से नहीं मिला वेतन, कुलपति ने बदला ठेकेदार

विवेक राय



लखनऊ । बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में मैनपावर के ठेकेदार ने कर्मचारियों का चार करोड़ से अधिक का भुगतान नहीं किया। विश्वविद्यालय प्रशासन के दबाव के बाद एक महीने के वेतन का भुगतान किया गया, लेकिन चार महीने का वेतन अभी भी बकाया है। इस दौरान कर्मचारियों का ईपीएफ भी नहीं जमा हुआ है। 2013 से एक ही कंपनी को ठेका मिल रहा था। आननफानन कुलपति ने ठेकेदार की कंपनी को टर्मिनेट कर 11 जनवरी को दूसरी कंपनी को काम दे दिया। कुलपति प्रो. संजय सिंह का कहना है कि अभी प्राथमिक जांच में गड़बड़ी सामने आई है। जांच पूरी होने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है। कर्मचारियों ने भी श्रम विभाग से शिकायत की है। वहीं, सहायक श्रमायुक्त यशवंत कुमार ने बताया कि मुझे जनकारी नहीं है। कर्मचारियों की शिकायत आएगी तो श्रम कानूनों के तहत कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर फर्म को काली सूची में भी डाला जाएगा। 400 से अधिक कर्मचारी करते हैं कामः अंबेडकर विश्वविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर कार्यालय सहायक तक 400 से अधिक कांट्रैक्ट कर्मचारी तैनात हैं। ठेकेदार कर्मचारियों को दो से तीन महीने तक काम करने के बाद एक महीने का वेतन देता था। कम वेतन और समय से वेतन न मिलने से परेशान कर्मचारी नौकरी जाने के भय से आवाज भी नहीं उठा पाते थे। ठेकेदार के खिलाफ जिसने आवाज उठाई उसकी नौकरी के साथ ही वेतन भी नहीं दिया गया। ठेकेदार उपेंद्र सिंह का आरोप है कि समय से वेतन न मिलने वेतन कर्मचारियों का बकाया रहता है। ईपीएफ भी सितंबी तक जमा है। विश्वविद्यालय की ओर से भुगतान नहीं किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि नियम के तहत जब कंपनी कर्मचारियों के खाते में वेतन ट्रांसफर करती है और बैंक स्टेट मेंट के साथ भुगतान के लिए बिल प्रस्तुत करती है तो उसका भुगतान किया जाता है। कंपनी की ओर से अगस्त तक का बिल दिया गया जिसका भुगतान कर दिया गया। सितंबर माह का बिल प्रस्तुत किया गया, लेकिन कर्मचारियों के खाते में वेतन नहीं भेजा गया। चार महीना 11 दिन का वेतन कर्मचारियों का बकाया है। जो करीब चार करोड़ से अधिक है। ऐसे में वेतन भुगतान होने पर ही पेमेंट किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन और ठेकेदार के मनमुटाव का खामियाजा कर्मचारियों को भुबतना पड़ रहा है।

## बसपा ने वाराणसी सहित पूर्वांचल के कई जिलों के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की

संवाददाता



लखनऊ।। बसपा की ओर से सातवें चरण के मतदान के लिए वाराणसी, सहित आज़मगढ़, मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, भदोही, मीरजापुर, भदोही और चंदौली के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी गई है। नौ प्रमुख जिलों के कुल 47 सीटों पर बसपा की ओर से उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद पूर्वांचल में कई सीटों पर प्रमुख दलों के उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। इस प्रकार अब पूर्वांचल में सियासी संग्राम की तस्वीर भी काफी हद तक स्पष्ट हो गई है। आज़मगढ़ की अतरौलिया सीट से डॉ सरोज पांडेय, गोपालपुर से रमेश चन्द्र यादव, सगड़ी से शंकर यादव, मुबारकपुर से अब्दुस्सलाम, आज़मगढ़ सदर से सुशील कुमार सिंह, निजामाबाद से पीयूष कुमार सिंह यादव, फूलपुर पवई से शकील अहमद, दीदारगंज से भूपेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना ठेकमा, लालगंज (सु.) से आजाद अरिमर्दन उर्फ पप्पू, मेहनगर (सु.) से पंकज कुमार को उम्मीदवार बनाया गया है। मऊ में मधुबन से नीलम सिंह कुशवाहा, घोसी से वशीम इकबाल, मुहम्मदाबाद गोहना (सु.) से धर्म सिंह गौतम, मऊ सदर से भीम राजभर को टिकट दिया गया है। जौनपुर जिले में बदलापुर से मनोज सिंह, शाहगंज से इंद्रेश सिंह, मुंगराबादशाहपुर से दिनेश शुक्ला, मछलीशहर (सु.) से डॉ. विजय पासी, जफराबाद से संतोष कुमार मिश्रा तो केराकत (सु.) से लाल बहादुर सिद्धार्थ को बसपा ने उम्मीदवार बनाया है। मिर्ज़ापुर जिले में छानबे (सु.) से धनेश्वर गौतम, मिर्ज़ापुर से राजेश कुमार पांडेय, मझवां से पुष्पलता बिंद, चुनार से विजय सिंह पटेल, मड़िहान से नरेंद्र सिंह कुशवाहा को चुनावी मैदान में उतारा गया है। वहीं सोनभद्र की घोरावल सीट से मोहन कुशवाहा और रॉबर्ट्सगंज से अविनाश शुक्ला को बसपा ने टिकट जारी किया है। गाजीपुर जिले में जखनिया (सु.) से रुदल कुमार गौतम, सैदपुर (सु.) से विनोद कुमार, गाजीपुर सदर से राजकुमार सिंह गौतम, जंगीपुर से डॉ मुकेश सिंह, जहूराबाद से सैय्यदा शादाब फातिमा, मोहम्मदाबाद से माधवेन्द्र राय तो जमानियां से परवेज खान को चुनाव मैदान में उतारा है।

## सीरी ए : नेपोली और इंटर मिलान के बीच का मुकाबला बेनतिजा रहा

**रोम।** सीरी ए खिताब के लिए इंटर मिलान और नेपोली के बीच का मुकाबला 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। खेल आमने-सामने की टक्कर के साथ शुरू हुआ। नेपोली शनिवार के खेल से पहले दूसरे स्थान पर था, जो कि इंटर से एक अंक पीछे था। टूर्नामेंट में नेपोली की टीम ने सात मिनट में अच्छी शुरुआत की। टीम के प्लेयर लोरेंजो ने सातवें मिनट में एक अच्छा गोल किया और टीम को 1-0 से बढ़त मिल गई। वहीं, बीच के खेल में काफी प्रयासों के बाद दोनों टीमें एक-दूसरे को टक्कर देती रहीं लेकिन इस दौरान दोनों टीमें गोल करने में असफल रहीं। वहीं, इंटर के फुटबॉल प्लेयर एडीन डीजेको ने 47वें मिनट में एक शानदार गोल किया। इस गोल की वजह से टीम एक अंक से बढ़त बनाने में कामयाब रही। दोनों टीमों के बीच 1-1 से मैच ड्रॉ रहा। पहले हाफ में नेपोली अधिक आक्रामक थे, लेकिन इंटर ने ब्रेक के तुरंत बाद बराबरी का स्कोर बनाया। नेपोली के पास अभी भी खेल को पटरी पर लाने का मौका था, लेकिन इंटर के गोलकीपर समीर हंडानोविक ने स्कोरलाइन को नीचे रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। साथ ही शनिवार को लाजियो ने बोलोग्ना पर 3-0 से दबदबा बनाया और टोरिनो में वेनेजिया ने 2-1 से जीत हासिल की।

## आईपीएल मेगा नीलामी : दिल्ली कैपिटल्स ने चेतन सकारिया को 4.2 करोड़ रुपये में अपने नाम किया

**बेंगलुरु ।** आईपीएल मेगा नीलामी 2022 में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स ने चेतन सकारिया को 4.2 करोड़ रुपये में अपने नाम किया। सकारिया पहले आरआर से खेलते थे और अब पंत की अगुवाई वाली डीसी टीम से अपना लोहा मनवाएंगे।

## कोरोना के कारण श्रीलंका को लगा एक और झटका, तेज गेंदबाज बिनुरा बाहर

कोलंबो। रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच से पहले श्रीलंका को एक और झटका लगा है, क्योंकि तेज गेंदबाज बिनुरा फर्नांड कोरोना संक्रमित होने से बाहर हो गए हैं। चार ओवरों में 2/12 के गेंदबाजी आंकड़ों के साथ, बिनुरा सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में खेले गए पांच टी20 में के पहले मैच में वानिंदु हसरंगा के साथ सबसे सफल गेंदबाजों में से एक थे। बिनुरा रैपिड एंटीजन परीक्षण के बाद कोरोना संक्रमित पाए गए, अभी उनका पीसीआर परिणाम का इंतजार है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बताया कि बिनुरा को रविवार को होने वाले दूसरे टी20 मैच से बाहर कर दिया गया है, सोमवार (7 फरवरी) को ऑस्ट्रेलिया में उतरने के बाद, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कुसल मेंडिस भी कोरोना पॉजिटिव हो गए थे। 31 जनवरी को, अनकैप्ड तेज गेंदबाज नुवान तुषारा (जो ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर 20 सदस्यीय श्रीलंका टीम में शामिल हैं) ने टीम ट्रेनर दिलशान फोन्सेका के साथ कोरोना पॉजिटिव हो गए थे।

## बुंडेसलीगा : बोचम ने बायर्न के खिलाफ 4-2 से जीता फुटबॉल मैच

**बर्लिन ।** बायर्न म्यूनिख ने बुंडेसलीगा खिताबी दौड़ में टीम द्वारा खराब प्रदर्शन करने के बाद अंक गंवा दिए हैं। वहीं, वीएफएल बोचम ने क्रिस्टोफर एंटवी-अडजेई, जुर्गन लोकाडिया, क्रिस्टियन गाम्बिया और गेरिट होल्टमैन के गोल की बदौलत 4-2 से जीत हासिल की। जर्मन रिकॉर्ड चैंपियन ने शानदार शुरुआत करते हुए नौवें मिनट में गोल दागकर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। बायर्न की बढ़त ज्यादा देर तक नहीं टिकी क्योंकि विरोधी टीम ने गोलकीपर स्वेन उलरिच के पांच मिनट बाद बराबरी की। बोचुम ने गति बनाए रखी और 38वें मिनट में बढ़त बनाई, जब लोकाडिया ने मैदान में दयात उपमेकानो की हैंड बॉल का फायदा उठाते हुए पेनल्टी स्पॉट से 2-1 की बढ़त बना ली। जूलियन नगेल्समैन के खिलाड़ियों को दो मिनट बाद एक और गोल टीम को झेलना पड़ा। ब्रेक के बाद, बायर्न ने फिर से शुरू होने के बाद बागडोर संभाली और खेल को आगे बढ़ाया, जबकि बोचम ने गोल बचाने के लिए अच्छा बचाव किया। बोचम के दो शानदार गोल बेयर्न म्यूनिख के मुख्य कोच नागल्समैन ने कहा, बोचम को बधाई। वे बहुत अच्छा खेले और आज जीत के हकदार रहे। हमने पहले हाफ में खराब प्रदर्शन किया। मेरे पास एक रणनीति थी जो कारगर नहीं हुई इसलिए मैं टीम को दोष नहीं दे सकता।

## आईपीएल मेगा नीलामी : एक भी मार्की खिलाड़ी नहीं मिलने पर से मुंबई इंडियंस दुखी

**बेंगलुरु ।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने स्वीकार किया है कि नीलामी का पहला दिन उनके लिए सही नहीं रहा, इस बात का अफसोस करते हुए कि उन्हें शनिवार को एक भी मार्की खिलाड़ी नहीं मिला। हालांकि, रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम (जिन्होंने संयुक्त अरब अमीरात में 2020 में अपना आखिरी आईपीएल खिताब जीता था) ने कहा कि यह रविवार को अच्छी बोली लगाए जाने की संभावना है, क्योंकि टीम को अभी भी 27.85 करोड़ रुपये के साथ 18 स्लॉट भरने हैं। मुंबई इंडियंस ने अपनी वेबसाइट पर कहा, मार्की प्लेयर्स लिस्ट से एक भी खिलाड़ी न मिलने पर निराशा व्यक्त की है। हमने (दक्षिण अफ्रीका के) क्विंटन डी कॉक और (न्यूजीलैंड के) ट्रेंट बोल्ट के लिए जाना था, लेकिन काफी महंगे थे। ईशान किशन 15.25 करोड़ में नीलामी से हमारी सबसे महंगी खरीद बन गए। उन्होंने कहा, उसके बाद, हम राहुल चाहर, युजवेंद्र चहल और जोश हेजलवुड के लिए गए, लेकिन असफल रहे। फिर हमने दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रुविस को बेबी एबी को 3 करोड़ में अपने नाम किया।

# अंडर-19 विश्व चैंपियन टीम के सदस्य ओस्तवाल और तांबे महाराष्ट्र की रणजी टीम में

**पुणे।** भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के दो सदस्यों बाएं हाथ के स्पिनर विक्की ओस्तवाल और आलराउंडर कौशल तांबे को महाराष्ट्र की रणजी ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया है।

महाराष्ट्र की सीनियर चयन समिति ने ओस्तवाल और तांबे पर भरोसा जताया है। ओस्तवाल कैरेबिया में अंडर-19 विश्व कप के सबसे सफल गेंदबाजों में शामिल रहे जबकि तांबे आफ स्पिनर और आक्रामक बल्लेबाज हैं जिन्हें फिनिशर के रूप में जाना जाता है।

महाराष्ट्र को इस शीर्ष घरेलू टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप जी में रखा गया है और टीम अपने लीग मैच 17 फरवरी से हरियाणा में खेलेगी।

टीम की अगुआई अनुभवी अंकित बावने करेंगे जबकि शीर्ष क्रम के आक्रामक बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी को उप कप्तान बनाया गया है।

महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमएसीए) ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले रुतुराज गायकवाड़ रणजी ट्रॉफी के लीग चरण के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।



एमएसीए ने बयान में कहा, ''राजवर्धन हांगरगेर का भी चयन हुआ था लेकिन मां के बीमार होने के कारण वह लीग चरण में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।''

टीम : अंकित बावने (कप्तान), राहुल त्रिपाठी, यश नाहर, पवन शाह, नौशाद शेख, आजिम काजी, विशांत मोरे, सत्यजीत बचाव, अवधूत दांडेकर, तरनजीत सिंह ढिल्लों, मुकेश चौधरी, अशाय पालकर, प्रदीप दाधे, दिव्यांग हिंगानेकर, यश शीरसागर, विशाल गिते, निकित धूमल, सिद्धेश वीर, मनोज इंगाले, विक्की ओस्तवाल और कौशल तांबे।

## अमृत की धुआंधार गेंदबाजी, केवीएस ने जीता मैच

**लखनऊ।** डॉ.यशपाल सिंह मेमोरियल क्रिकेट लीग के सी और डी ग्रुप में इंडियन क्रिकेट क्लब और केवीएस क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। इसमें अमृत दीक्षित ने धुआंधार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके और केवीएस की टीम ने आठ विकेट से मैच को जीत लिया।

इंडियन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 62 रन बनाये। इसमें सर्वाधिक गिरिजेश यादव ने 21 रन का योगदान दिया, जबकि चार बल्लेबाज शून्य पर ही पवेलियन वापस लौट गये। वहीं केवीएस के गेंदबाज अमृत दीक्षित ने पांच ओवर गेंद डालकर मात्र 12 रन देते हुए पांच विकेट झटके। केवीएस की टीम ने सात ओवर में ही दो विकेट खोकर 63 रन बना लिये और आठ विकेट से मैच को जीत लिया।

# लिविंगस्टोन को पंजाब ने 11.50 करोड़ रुपये में खरीदा

**बेंगलुरू ।** इंग्लैंड के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन को इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी के दूसरे दिन रविवार को पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ 50 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा जबकि फ्रेंचाइजी ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज ओडियन स्मिथ के लिए भी छह करोड़ रुपये खर्च किए।

बाएं हाथ के भारत के दूसरे दर्जे के गेंदबाजों खलील अहमद और चेतन सकारिया के लिए भी फ्रेंचाइजी ने अच्छी बोली लगाई। खलील पांच करोड़ 25 लाख रुपये जबकि सकारिया चार करोड़ 20 लाख रुपये में बिके।

अन्य भारतीय खिलाड़ियों के बीच आलराउंडर शिवम दुबे को छक्के जड़ने की उनकी क्षमता के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स ने चार करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा जबकि गुजरात टाइटंस ने भारतीय टीम से बाहर चल रहे एक अन्य आलराउंडर विजय शंकर को एक करोड़ 40 लाख रुपये में खरीदा।

सुपरकिंग्स ने श्रीलंका के स्पिनर महेश थीकसाना को 70 लाख रुपये में खरीदा। इस स्पिनर ने पिछले साल जुलाई में भारत के श्रीलंका दौरे के दौरान प्रभावित किया था।



चेतेश्वर पुजारा को नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला जबकि अजिंक्य रहाणे को कोलकाता नाइट राइडर्स ने एक करोड़ रुपये के उनके आधार मूल्य पर खरीदा।

पहले सत्र का आकर्षण हालांकि लिविंस्टोन रहे जिन्हें 10 लाख डॉलर से अधिक का अनुबंध मिला। एक समय पांच टीम उनके लिए बोली लगा रहीं थी।

लिविंगस्टोन पिछले सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेले थे और धीमी पिचों पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। फ्रेंचाइजी में हालांकि खिलाड़ियों की जगह खाली थी (न्यूनतम 18 खिलाड़ी) इसलिए उन्हें टीम से जोड़ने को लेकर उत्सुकता थी।

हाल में टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करने वाले दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को जेनसन के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने चार करोड़ 20 लाख रुपये की बोली लगाई।

उनके लिए सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब के बीच बोली की जंग देखने को मिली। दिन की शुरुआत में इन दो टीम के पास क्रमशः 20 और 28 करोड़ रुपये थे।

ओडियन स्मिथ में नीलामी के दौरान काफी रुचि देखने को मिली क्योंकि उन्होंने हाल में भारत के खिलाफ संपन्न एकदिवसीय श्रृंखला में अपन गति और नियंत्रण से प्रभावित किया था। साथ ही उनमें लंबे शॉट खेलने की क्षमता भी है। स्मिथ ने कैरेबियाई प्रीमियर लीग के दौरान अपनी गति से क्रिस गेल का बल्ला तोड़ दिया था और पंजाब की टीम ने पर्याप्त पैसा होने के कारण उन्हें टीम से जोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

दिन की शुरुआत में मुंबई के पास 27 करोड़ रुपये से अधिक बचे थे जबकि उन्हें कम से कम 10 खिलाड़ियों को खरीदना था। फ्रेंचाइजी ने हालांकि पहले सत्र के दौरान खिलाड़ियों को कोई खास रुचि नहीं दिखाई। टीम ने नवदीप सैनी के लिए बोली लगाई लेकिन इसके बावजूद राजस्थान रॉयल्स ने इस तेज गेंदबाज को दो करोड़ 40 लाख रुपये में खरीद लिया।

मुंबई की टीम हालांकि जयदेव उनादकट को एक करोड़ 30 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ने में सफल रही जबकि लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय के लिए 65 लाख रुपये खर्च किए। टीम की बोली में हालांकि आक्रामकता नजर नहीं आई जिसके लिए वह जानी जाती है।

दिन की शुरुआत में लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास छह करोड़ 90 लाख रुपये के रूप में सबसे कम राशि थी। पहले दिन अच्छी एकादश तैयार करने के बाद फ्रेंचाइजी दूसरे दिन बड़ी बोली लगाने की स्थिति में नहीं थी।

## आईपीएल नीलामी: खलील अहमद और चेतन सकारिया को दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा

**बेंगलुरु।** भारत के तेज गेंदबाज खलील अहमद और चेतन सकारिया इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते नजर आएंगे।

दोनों को आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीद लिया है। खलील को दिल्ली कैपिटल्स ने 5.25 करोड़ तथा सकारिया को 4.20 करोड़ में खरीदा है। खलील पिछले सीजन सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेले थे, जबकि सकारिया राजस्थान रॉयल्स से खेले थे।

बेंगलुरु में चल रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 की मेगा नीलामी के दूसरे दिन दोनों खिलाड़ियों के लिए टीमों में जबरदस्त जंग देखने को मिली। कई टीमों ने दोनों खिलाड़ियों में रुचि दिखाई, लेकिन बाजी मारते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने दोनों की खरीद लिया। खलील ने आईपीएल में अबतक 24 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 24.56 के औसत और 8.69 की इकोनॉमी के साथ कुल 32 विकेट अपने नाम किए हैं। युवा चेतन सकारिया ने अब तक 14 ही मैच खेले हैं।

# कप्तान और खिलाड़ी मैच जीतते और हारते हैं, कोच नहीं: चैपल

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल जस्टिन लैंगर के इस्तीफे को लेकर मचे बवाल को समझ नहीं कर पा रहे हैं और उनका कहना है मुकाबले को खिलाड़ी हारते और जीतते हैं, कोच नहीं।

चैपल ने साथ ही कोच के पद को मैनजर से बदलने की वकालत की।

कोचिंग शैली की महीनों से शिकायत होने के बाद लैंगर ने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद पूर्व खिलाड़ियों ने पैट कमिंस की आलोचना की कि कप्तान और टीम के उनके साथियों ने सार्वजनिक तौर पर उनका समर्थन नहीं किया।



चैपल ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' पर अपने कॉलम में लिखा, ''जस्टिन लैंगर के हटने के बाद अजीब सी मजाकिया स्थिति पैदा हो गई है जहां कोई कह रहा है कि वह आस्ट्रेलियाई कोच नहीं है, वह काफी शरारती लड़का है।''

उन्होंने कहा, ''क्रिकेट प्रशंसक इस बात पर अधिक ध्यान देते हैं कि कोच कौन है और कौन नहीं जबकि उन्हें अधिक महत्वपूर्ण चीज पर ध्यान देना चाहिए कि किसे कप्तान नियुक्त किया गया है। पैट कमिंस और उनके साथी विकेट लेते हैं, रन बनाते हैं और कैच पकड़ते हैं। यह वे हैं जो पाकिस्तान के खिलाफ आगामी श्रृंखला में जीतेंगे या हारेंगे, कोच नहीं।''

चैपल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों को हर समय कोचिंग की जरूरत नहीं होती और किसी भी तकनीकी खामी का सर्वश्रेष्ठ हल साथी खिलाड़ी निकाल सकते हैं।

उन्होंने कहा, ''अगर किसी को लगता है कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को 24 घंटे, हफ्ते में सातों दिन कोचिंग की जरूरत है जो फिर वह भ्रम में हैं। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की तकनीक खराब नहीं हो जाती।''

चैपल ने कहा, ''खिलाड़ियों को समय के साथ समस्या का सामना करना पड़ सकता है लेकिन जो चीज गलत होती है वह संभवतः दिमाग में होती है। नेट पर टीम के सीनियर खिलाड़ी के साथ क्रिकेटर सही राह पर लौट सकता है।''

उन्होंने कहा, ''साथी खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय कोच क्यों होते हैं? सबसे पहले तो वे समान खिलाड़ियों के खिलाफ खेलते हैं। साथ ही वे अपने साथी खिलाड़ियों को नियमित रूप से देखते हैं और तकनीक तथा मानसिक रवैये में किसी भी बदलाव को काफी जल्दी समझ जाते हैं।''

इस 78 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी का मानना है कि सार्वजनिक तौर पर कोच की वाहवाही से अधिक यह महत्वपूर्ण है कि विश्वसनीय चयनकर्ता सही टीम का चयन करे।

## नए बल्लेबाज कोच सिडन्स कोरोना पॉजिटिव

**ढाका।** बांग्लादेश के नव नियुक्त बल्लेबाजी कोच जेमी सिडन्स कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने यह जानकारी दी।

दक्षिण अफ्रीका के एश्वेल प्रिंस के इस हफ्ते की शुरुआत में इस्तीफा देने के बाद आस्ट्रेलिया के 57 साल के सिडन्स को उनके स्थान पर बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया था। बीसीबी की क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने ढाका के समाचार पत्र 'प्रोथोम आलो' को पुष्टि की कि सिडन्स कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं और उनमें हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं। सिडन्स अभी ढाका के होटल में पृथकवास पर हैं।

वर्ष 2007 से 2011 तक बांग्लादेश के मुख्य कोच रहे सिडन्स ने देश में आने के बाद अपना अधिकांश समय बांग्लादेश प्रीमियर लीग के मैच देखते हुए बिताया है।

# सितसिपास रोटरडम टूर्नामेंट के फाइनल में

**रोटरडम।** शीर्ष वरीय स्टीफानोस सितसिपास ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चेक गणराज्य के क्वालीफायर जिरी लेहेका को तीन सेट में हराकर रोटरडम हार्ड कोर्ट इंडोर टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

पिछले साल जून में फ्रेंच ओपन के बाद सितसिपास पहली बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। सितसिपास ने पहला सेट गंवाने के बाद लेहेका को 4-6, 6-4, 6-2 से हराया।

फाइनल में सितसिपास का सामना तीसरे फेलिक्स आगर एलियासिम से होगा जिन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए गत चैंपियन आंद्रे रूबलेव को हराया। पहला एटीपी खिताब जीतने के लिए चुनौती पेश कर रहे आगर एलियासिम ने 6-7 (5), 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की जो रूबलेव के खिलाफ उनकी पहली जीत है।



सितसिपास को 137वें नंबर के खिलाड़ी लेहेका को हराने के लिए लगभग दो घंटे तक जूझना पड़ा। लेहेका ने इससे पहले डेनिस शापोवालोव को हराकर उलटफेर किया था।

## रीयाल मैड्रिड को विलारीयाल ने ड्रॉ पर रोका

**श्रेयस मनोरम**


**नई दिल्ली।** रीयाल मैड्रिड ने शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में विलारीयाल के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला।

दोनों ही टीम इस मुकाबले के दौरान कई मौके बनाने के बावजूद कोई गोल नहीं कर सकी।

इस ड्रॉ के बावजूद हालांकि मैड्रिड ने अंक तालिका के शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है। टीम ने दूसरे स्थान पर चल रहे सेविला पर चार अंक की बढ़त बना रखी है। मैड्रिड के 24 मैच में 54 अंक हैं जबकि इतने ही मुकाबले खेलने के बाद सेविला की टीम ने 50 अंक जुटाए हैं।

एटलेटिको मैड्रिड ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद 89वें मिनट में मारियो हर्मोसो के गोल से गेटाफे को 4-3 से हराया।

केडिज के गोलकीपर ने अंतिम लम्हों में सेल्टा विगो के सेंटी मिना की पेनल्टी रोककर



गोल रहित ड्रॉ सुनिश्चित किया जबकि ओसासुना ने रेयो वालेकानो के खिलाफ 3-0 से आसान जीत दर्ज की।

## ओपेलका ने 46 अंक का टाईब्रेकर जीता, डेलास ओपन में इसनर को हराया

**डेलास।**

विंबलडन इतिहास के दो सबसे लंबे मुकाबलों का हिस्सा रहे जॉन इसनर एटीपी टूर पर सबसे लंबे टाईब्रेकर का भी हिस्सा रहे लेकिन अपने घरेलू टेनिस टूर्नामेंट में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

रिली ओपेलका ने दूसरे सेट के टाईब्रेकर में शनिवार को इसनर को 24-22 से हराकर पहले डेलास ओपन के फाइनल में जगह बनाई।

दूसरे वरीय ओपेलका ने 7-6 (7), 7-6 (22) से जीत दर्ज की। तीसरे वरीय इसनर टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे एसएमयू टेनिस फेसिलिटी से लगभग एक मील की दूरी पर रहते हैं।

चौथे वरीय जेनसन ब्रूक्सबी एक अन्य सेमीफाइनल में मार्कोस गिरोन से भिड़ेंगे।



इसनर ने 12 साल पहले विंबलडन में 11 घंटे और पांच मिनट चले मैच में निकोलस माहूत को पांचवें सेट में 70-68 से हराया था। यह मुकाबला तीन अलग अलग दिन खेला गया था।

इसके आठ साल बाद केविन एंडरसन ने छह घंटे और 36 मिनट चले विंबलडन सेमीफाइनल में इसनर को हराया था।